संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 115 मंगलवार 25 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### अडानी ग्रूप ने चुकाया 58,104 करोड़ टैक्स



#### निवेशकों का भरोसा बनाए रखने जारी की ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 24 फरवरी 2025 (ए)।** अडानी ग्रूप ने वित्त वर्ष 2023-24 में कुल ₹58,104 करोड़ का टैक्स भरा है, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के ₹46,610 करोड़ की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। ग्रूप ने यह जानकारी अपनी टैक्स ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट के जरिए साझा की है, जिसका उद्देश्य निवेशकों और शेयरधारकों का विश्वास मजबूत करना है।

### अमेरिका से डिपोर्ट हुए भारतीयों के केस में सरकार ने कड़ी कार्रवाई कर दी शुरू



**अमृतसर,24 फरवरी 2025 (ए)।** अमेरिका से डिपोर्ट होकर भारत पहुंचे भारतीय नागरिकों के मामले में पंजाब सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है. अमृतसर प्रशासन ने सोमवार को इस मामले में ट्रैवल एजेंट्स के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया. अमृतसर के 40 ट्रैवल एजेंट्स पर शिकंजा कसा गया है और उनके लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं

### प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की




**नई दिल्ली, 24 फरवरी 2025 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

### दिल्ली में फिर आया भूकंप




**नई दिल्ली, 24 फरवरी 2025 (ए)।** दिल्ली में सोमवार को एक बार फिर भूकंप का झटका लगा है। इस बार इसका केंद्र दक्षिण पूर्वी दिल्ली में था।

# यूएसएआईडी पर बीजेपी-कांग्रेस में छिड़ा संग्राम

» वित्त-मंत्रालय की रिपोर्ट में भी यूएसएआईडी फंड का जिक्र



**नई दिल्ली,24 फरवरी 2025 (ए)।** अमेरिकी एजेंसी यूएसएआईडी की फंडिंग का जिन्न शांत होता नहीं दिख रहा है। इसको लेकर कांग्रेस और बीजेपी के बीच सियासी संग्राम तेज हो गया है। कांग्रेस का दावा है कि वित्त मंत्रालय की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में स्पष्ट हो गया है कि बीजेपी ने इस मुद्दे पर जनता को गुमराह किया है। दूसरी ओर बीजेपी ने पलटवार करते हुए कांग्रेस पर विदेशी ताकतों के साथ साजिश रचने का आरोप लगाया है।

#### यूएसएआईडी फंडिंग पर ट्रंप और डीओजीई

इस विवाद को और हवा तब मिली जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि जो बाइडेन प्रशासन के तहत यूएसएआईडी ने भारत को वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर करीब 175 करोड़ रुपये दिए थे। इस दावे का एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी ने भी समर्थन किया। हालांकि कांग्रेस ने इस दावे को पूरी तरह से निराधार बताया और बीजेपी पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया.।

#### फिलहाल सियासी आरोप-प्रत्यारोप जारी

बीजेपी ने कांग्रेस से जवाब मांगा है कि वह विदेशी संगठनों और वित्तीय हस्तक्षेप का समर्थन क्यों कर रही है। वहीं कांग्रेस ने बीजेपी पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया है। इस पूरे विवाद के बीच दोनों दल सोशल मीडिया पर भी आमने-सामने हैं। यूएसएआईडी फंडिंग का यह विवाद फिलहाल ठंडा होता नहीं दिख रहा हैायह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस पर क्या रुख अपनाती है.।

#### कांग्रेस ने साधा बीजेपी पर निशाना

असल में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर वित्त मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट साझा करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री द्वारा फैलाया गया झूठ अब उजागर हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार यूएसएआईडी वर्तमान में भारत सरकार के सहयोग से सात परियोजनाओं को वित्तपोषित कर रहा है,जिनका संयुक्त बजट 750 मिलियन डॉलर लगभग 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। रमेश के अनुसार इनमें से किसी भी परियोजना का वोटर टर्नआउट मतदान में वृद्धि से कोई लेना-देना नहीं है.।

#### उधर बीजेपी का पलटवार

इन सबके बीच बीजेपी आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यूएसएआईडी की ये परियोजनाएं सरकार-से-सरकार भागीदारी के तहत पारदर्शी रूप से चलाई जा रही हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि ये परियोजनाएं 2010-11 में शुरू हुई थीं और कांग्रेस के कार्यकाल में भी इनका संचालन हुआ था। मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विदेशी संगठनों और गुप्त दानदाताओं का समर्थन कर रही है जिनका उद्देश्य भारत के लोकतंत्र को प्रभावित करना है।

# तेलंगाना सुरंग में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



» सिल्कयारा में फंसे श्रमिकों को बचाने वाली रैट माइनर्स

#### टीम भी पहुंची

**नई दिल्ली,24 फरवरी 2025 (ए)।** भारतीय सेना, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों की तमाम कोशिशों के बावजूद,एसएलबीसी परियोजना में सुरंग के अंदर 30 घंटे से अधिक समय से फंसे आठ लोगों को निकालने के बचाव अभियान में अभी तक को कोई सफलता नहीं मिली। तेलंगाना में श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना (एसएलबीसी) के निर्माणाधीन खंड की छत का एक हिस्सा ढह जाने से कर्मी अंदर फंस गए हैं।

#### श्रमिकों को बचाने पहुंची रैट माइनर्स की टीम

वहीं, दूसरी ओर तेलंगाना के मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने सोमवार को कहा कि दो दिन पहले श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के निर्माणाधीन खंड के आंशिक रूप से ढहने के बाद उसमें फंस गए आठ लोगों के बचने की संभावना अब बहुत कम है, हालांकि उन तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।
उन्होंने यह भी बताया कि 2023 में उत्तराखंड में 'सिल्कयारा बेंड-बरकोट' सुरंग में फंसे निर्माण श्रमिकों को बचाने वाले ''रैट माइनर्स'' (हाथ से पर्वतीय क्षेत्रों की खुदाई करने में महारत रखने वाले व्यक्ति) की एक टीम लोगों को निकालने के लिए बचाव दल में शामिल हो गई है।

# मोटापे के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी ने चलाया अभियान



» खाने के तेल में 10 प्रतिशत कमी करने की दी सलाह

» इन दस हस्तियों को दिया खास चैलेंज

**नई दिल्ली,24 फरवरी 2025 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में बढ़ती मोटापे की समस्या पर चिंता जताते हुए इसके खिलाफ एक अनोखा अभियान शुरू किया है। रविवार को 'मन की बात' में उन्होंने खाने के तेल में 10 प्रतिशत कमी करने की सलाह दी और कहा कि छोटे बदलाव इस चुनौती से निपटने में मदद कर सकते हैं।सोमवार को पीएम ने इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा सहित 10 जानी-मानी हस्तियों को यह चैलेंज दिया। इनमें भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', ओलंपियन मनु भाकर, मीराबाई चानू, अभिनेता मोहनलाल, आर माधवन, सिंगर श्रेया घोषाल, इंफोसिस के नंदन नीलेकणि और राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति शामिल हैं।

# किसानों ने दिल्ली कूच टाला

#### 19 मार्च को केंद्र से होगी अगली बातचीत



**नई दिल्ली,24 फरवरी 2025 (ए)।** शंभू बॉर्डर पर रविवार को हुई बैठक के बाद सोमवार सुबह किसान नेताओं ने एक बार फिर चर्चा की। इसके बाद किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने ऐलान किया कि 25 फरवरी को प्रस्तावित दिल्ली कूच को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के साथ दो बैठकें हो चुकी हैं और अगली बैठक 19 मार्च को होगी। यदि इसमें मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 25 मार्च को 101 किसानों का जत्था दिल्ली के लिए कूच करेगा।

# मिल गए 121 लोगों की मौत के दोषी



#### न्यायिक आयोग की जांच में हुआ खुलासा

**हाथरस, 24 फरवरी 2025 (ए)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में पिछले साल सत्संग के दौरान मची भगदड़ मामले की न्यायिक जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में एक एसडीएम और एक पुलिस अधिकारी को 121 लोगों की मौत के मामले में लापरवाही का दोषी पाया गया है। वहीं, संत साकार नारायण विश्व हरि उर्फ भोले बाबा की लापरवाही का कोई सबूत नहीं मिलने पर उन्हें क्लीन चिट दे दी गई है1

# बंदी का बाइक बेचने का आरोप




#### 5 कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर

**गोंडा,24 फरवरी 2025 (ए)।** गोंडा जेल में बंद व्यक्ति की जालसाजी कर गाड़ी ट्रांसफर करवाने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर नगर कोतवाली पुलिस ने तत्कालीन परसपुर थानाध्यक्ष और आरटीओ ऑफिस के आरआई और बाबू सहित पांच लोगों के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपियों ने आरटीओ के कर्मचारियों संग मिलकर जालसाजी करते हुए गाड़ी ट्रांसफर करवा ली है।

# महाकुंभ में महिलाओं से शूट कराए नहाने के वीडियो

» पुलिस जांच में यूट्यूबर्स का बड़ा खुलासा

» लेबर रूम में महिलाओं के आपत्तिजनक वीडियो बेच कर कमाएं लाखों रुपए



**प्रयागराज,24 फरवरी 2025 (ए)।** महाकुंभ में संगम स्नान करती महिलाओं के वीडियो ऑनलाइन बेचने के मामले में यूपी पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस मामले में गिरफ्तार प्रयागराज के चंद्रप्रकाश फूलचंद के अलावा और भी यूट्यूबर्स शामिल हैं।

पूछताछ में यूट्यूबर्स ने बताया कि ये सभी वीडियो बनाने में उसने युवतियों और महिलाओं की मदद ली। यूट्यूबर्स ने बताया कि महाकुंभ के संगम नोज समेत अन्य घाटों पर महिलाएं आराम से वीडियो बना सकती थीं, इसलिए उन्हें हॉयर किया गया। आपत्तिजनक वीडियो इन्हीं के जरिए ही शूट किए गए। मामले में बड़ा अपडेट मिलने के बाद अबक्राइम ब्रांच और साइबर सेल टीमें उन महिलाओं और युवतियों के बारे में जानकारी जुटा रही हैं, जो इस गंदे धंधे में शामिल थीं।

# 28 फरवरी 2025 के दिन दिखेगा अद्भुत नजारा

#### एक साथ सीधी रेखा में नजर आएंगे सातों ग्रह...



**नई दिल्ली,24 फरवरी 2025 (ए)।** खगोल विज्ञान के प्रेमियों के लिए 28 फरवरी 2025 का दिन बेहद खास होने वाला है। इस दिन सौर मंडल के सातों ग्रह एक सीधी रेखा में नजर आएंगे। यह दुर्लभ खगोलीय घटना, जिसे ग्रहों का परेड कहा जाता है, महाशिवरात्रि के ठीक दो दिन बाद शाम के समय देखी जा सकेगी। शनि, बुध, नेपच्यून, शुक्र, अरुण, बृहस्पति और मंगल ग्रह एक साथ आकाश में एक सीधी रेखा में दिखाई देंगे।

#### क्या है ग्रहों का परेड?

ग्रहों का परेड एक ऐसी खगोलीय घटना है, जब सौर मंडल के कई ग्रह एक सीधी रेखा में आ जाते हैं। यह घटना इसलिए दुर्लभ मानी जाती है क्योंकि सभी ग्रह अलग-अलग गति और कक्षाओं में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। जब ये ग्रह एक ही दिशा में आ जाते हैं,तो उन्हें एक साथ देखा जा सकता है। 28 फरवरी 2025 को होने वाली यह घटना इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें सभी सात ग्रह शामिल होंगे।

#### कैसे बनता है यह संयोग?

जब कोई तारा बनता है, तो उसके चारों ओर गैस और धूल का एक बादल घूमने लगता है। समय के साथ यह बादल एक समतल डिस्क का आकार ले लेता है, जिससे ग्रहों का निर्माण होता है। ये ग्रह तारे के चारों ओर अपनी निश्चित कक्षाओं में घूमते हैं। चूंकि सभी ग्रह एक ही समतल स्तर पर होते हैं, इसलिए कुछ अवसरों पर वे एक ही दिशा में आ जाते हैं। इस दौरान, उन्हें आकाश में एक साथ देखा जा सकता है।

#### कब और कैसे देखें यह नजारा?

इस दुर्लभ खगोलीय घटना को देखने का सबसे अच्छा समय सूर्यास्त के लगभग 45 मिनट बाद का होगा। इसे देखने के लिए शहर की रोशनी से दूर, अंधेरे वाली जगह पर जाना चाहिए, जहां आसमान साफ दिखाई दे। घर की छत, ऊंची इमारत या किसी ऊंचे स्थान से भी इस नजारे को देखा जा सकता है। खगोल विज्ञान के शौकीनों के लिए कई ऐप और टूल भी उपलब्ध हैं, जो ग्रहों की स्थिति को ट्रैक करने में मदद कर सकते हैं। स्टेलेरियम और स्काई टुनाइट जैसे ऐप आकाश में ग्रहों की वास्तविक समय की स्थिति दिखाते हैं।

#### कब तक दिखेगा यह नजारा?

यह ग्रहों का परेड 21 फरवरी से शुरू होगा और 8 मार्च तक चलेगा। हालांकि, 28 फरवरी को यह नजारा सबसे स्पष्ट और शानदार दिखाई देगा। इसके बाद इस तरह की घटना साल 2040 में ही देखने को मिल सकती है।



# सुनील जाखड़ को इंडिगो फ्लाइट में मिली टूटी सीट

**नई दिल्ली,24 फरवरी 2025 (ए)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बाद अब पंजाब सुनील जाखड़ ने इंडिगो एयरलाइंस की सेवाओं को लेकर नाराजगी जताई है। जाखड़ ने रविवार (23 फरवरी) को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में टूटी हुई सीटों की तस्वीरें साझा कीं और एयरलाइन की लापरवाही पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रमुख एयरलाइंस का 'चलता है' वाला रवैया सुरक्षा मानकों तक न बढ़े।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने बांग्लादेश को दिया अल्टीमेटम

#### खुद ही तय करें कि आप कैसे रिश्ते चाहते हैं



**नई दिल्ली, 24 फरवरी 2025 (ए)।** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के सत्ता में आने के बाद और हिंदुओं पर हो रहे हमलों के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्ते तनाव भरे हैं। कुछ दिन पहले ओमान में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन से मुलाकात की थी। जिसके बाद अब विदेश मंत्री जयशंकर ने बांग्लादेश के शत्रुतापूर्ण व्यवहार का मुद्दा उठाया। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि बांग्लादेश को तय करना होगा कि वह हमारे साथ कैसा रिश्ता रखना चाहते हैं? बांग्लादेश के साथ हमारा लंबा और बेहद खास इतिहास 1971 से चला आ रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश यह नहीं कह सकता है कि वह भारत से अच्छे रिश्ते चाहता है और दूसरी तरफ वहां होने वाली घर घटना का दोष भारत पर मढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार में से कोई हर दिन खड़े होकर हर चीज के लिए भारत को दोषी नहीं ठहरा सकता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में आने वाली दिक्कत के पीछे दो पहलू हैं।

# संपादकीय

## सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी

सुप्रीम कोर्ट ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 की वैधता से संबंधित मामले में नयी याचिकाएं दायर होने पर नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने कहा नये अंतरिम आवेदन को केवल तभी अनुमति दी जा सकती है, जब कोई नया बिन्दु या नया कानूनी मुद्दा हो, जो लंबित याचिकाओं में न उठाया गया हो। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, लोग नई याचिकाएं दायर करते रहते हैं और दावा करते हैं, उन्होंने नये आधार उठाए हैं। पीठ ने स्पष्ट कहा कि पहले तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनी गई लंबित याचिकाओं पर दो न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने दिसम्बर 2024 के अपने आदेश में विभिन्न हिन्दू पक्षों द्वारा दायर लगभग अठ्ठारह मुकदमों में कार्यवाही को प्रभावी तौर पर रोक दिया था, जिसमें वाराणसी की ज्ञानवापी, मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद व संभल की शाही जामा मस्जिद समेत दस मस्जिदों के मूल धार्मिक चरित्र का पता लगाने को सर्वेक्षण की मांग की गई थी। 1991 में अयोध्या में विवादित बाबरी विध्वंस के बाद देश में पूजास्थल कानून लागू किया गया था, जिसके तहत आजादी से पूर्व मौजूद किसी भी धर्म के पूजास्थल को दूसरे धर्म के पूजास्थल में नहीं बदला जा सकता। जिन लोगों ने 1991 के इस अधिनियम की वैधानिकता को चुनौती दी, उनका आरोप है यह अधिनियम हिन्दुओं के साथ ही जैनियों, बौद्धों, सिखों को अपने पूजास्थलों को पुनः प्राप्त के लिए अदालतों में जाने से रोकता है। जिन पर कट्टरपंथी बर्बर आक्रमणकारियों द्वारा आक्रमण या अतिक्रमण किया गया था। निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक जनहित याचिकाओं का अंबार है। इस पर जबरन विवाद उछालने, चर्चा में आने या राजनीतिक दलों द्वारा बहुसंख्यकों को प्रभावित करने के उद्देश्य से लगातार इन विवादास्पद धार्मिक स्थलों के खिलाफ याचिकाएं दायर की जा रही हैं। इन पर आक्रामक बयानबाजियां की जाती हैं और उन्मादी धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास होता रहता है। जनहित याचिकाओं की आड़ में न्यायालय का वक्त जाया करने और भारी धनराशि का अपव्यय करने वाली मानसिकता पर सख्ती जरूरी है। सांप्रदायिक सौहार्द व सद्भावना बनाये रखने के लिहाज से अदालतें संतुलित निर्णय लेने को स्वतंत्र हैं। अदालतों द्वारा ही धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने व विवादों को बिला-वजह तूल देने की प्रवृत्ति को थामा जा सकता है। ताकि देश में शांति रहे व विश्व पटल पर छवि धवल बनी रह सके।

# कितनी उचित है गंगाजल पर बयान बाजी



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। विद्वानो का कहना है कि 144 वर्षों के बाद इस बार का महाकुंभ विशेष योग में संपन्न हो रहा है। ऐसे में यहां स्नान करने का सर्वाधिक महत्व है। मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान कर लिया है। समापन तक यह संख्या करीबन 65 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

इस बार महाकुंभ में जितने लोगों ने स्नान किया है वह दुनिया के एक-दो देशों को छोड़कर अधिकांश देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होती है। भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान कर पूजा अर्चना की है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक सहित देश के आम लोगों के मन में कुंभ स्नान के प्रति जो श्रद्धा देखी जा रही है। वैसी श्रद्धा इससे पहले शायद ही देखी गई होगी।

हालांकि मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ के संगम तट पर भगदड़ मचने से करीबन 37 लोगों की भीड़ में दबकर मौत हो गई थी। इसी तरह कुंभ आने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर एकत्रित भीड़ में भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थी जिसमें प्रशासनिक लापरवाही का भी बहुत बड़ा हाथ माना जा रहा है। हालांकि दोनों ही घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही असली दोषियों का पता चल सकेगा। शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं। आने वाली महाशिवरात्रि पर यह संख्या कई गुना अधिक होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। ताकि महाकुंभ में किसी तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं प्रयागराज आकर महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान की तैयारी का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी चैकसी बरतने के निर्देश दिए हैं। जहां एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि



प्रयागराज में गंगा-यमुना का पानी नहाने के योग्य नहीं है। सीपीसीबी ने इस रिपोर्ट को तीन फरवरी को तैयार किया था। रिपोर्ट को तैयार करने के लिए सीपीसीबी ने नौ से 21 जनवरी के बीच प्रयागराज में अलग-अलग जगह पर गंगा-यमुना के 73 सैंपल जमा किए। इन सैंपलों की छह मानकों पानी का पीएच वैल्यू, फीकल कोलीफॉर्म, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन पर जांच की गयी। जितने भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। बाकी के पांच मानकों पर पानी की गुणवत्ता मानक के मुताबिक मिली। सीपीसीबी की वेबसाइट पर दिए आंकड़ों के मुताबिक 29 जनवरी को संगम पर गंगा में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 2300 पाई गई थी। 29 जनवरी को ही मौनी अमावस्या का पर्व था। इसे महाकुंभ में सबसे बड़ा अमृत स्नान माना गया है। उस दिन गंगा-यमुना में कई करोड़ लोगों ने डबकी लगाई थी।

महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवालो के बीच देश के जाने-माने वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। संगम, अरैल समेत पांच घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु के गंगा में स्नान के बाद भी इसकी शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले डॉ. अजय कुमार सोनकर ने कहा कि उन्होंने अपनी नैनी स्थित प्रयोगशाला में गंगा के जल की जांच की। गंगाजल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को प्रयोगाशाला में जांच की चुनौती भी दी। कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो वह मेरे सामने गंगा जल ले और हमारी प्रयोगशाला में जांच कर संतुष्ट हो जाए।


शीर्ष भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सोनकर ने कहा है कि गंगाजल सबसे शुद्ध है। यहां नहाने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। बैक्टीरियोफेज (बैक्टीरिया खाने वाला) के कारण गंगा जल की शुद्धता बरकरार है। प्रयोगशाला में जल के नमूनों को 14 घंटों तक इंक्यूबेशन तापमान पर रखने के बाद भी उनमें किसी भी प्रकार की हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि नहीं हुई। डॉ. अजय सोनकर ने कहा कि गंगा का जल न केवल स्नान के लिए सुरक्षित है। बल्कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी रोग भी नहीं होते हैं। डॉ. अजय कुमार सोनकर ने बताया कि पांच घाटों से गंगा जल के नमूने लिए और लैब में सूक्ष्म परीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ हुई न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई। इस शोध में पाया कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। इस वजह से जल दूषित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गंगा जल की अम्लीयता (पीएच) सामान्य से बेहतर है और उसमें किसी भी प्रकार की दुर्गंध या जीवाणु वृद्धि नहीं पाई गई। गंगाजल के सैंपल का पीएच स्तर भी 8.4 से लेकर 8.6 तक पाया गया। जो काफी बेहतर माना गया है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 3 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक रिपोर्ट देकर बताया कि प्रयागराज संगम का पानी नहाने के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके बाद यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 18 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक नई रिपोर्ट देकर सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट को झुठला दिया है। इस रिपोर्ट में बताया है कि नाले का पानी प्रयागराज की गंगा-यमुना नदी में सीधे तौर पर नहीं गिर रहा। कुल छह पॉइंट पर पानी नहाने लायक है। सिर्फ शास्त्री ब्रिज के नीचे पानी की गुणवत्ता थोड़ी बहुत सही नहीं है और इसके जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि एनजीटी ने इस नई रिपोर्ट पर असंतोष जताया है। कहा कि अगर सेंट्रल की रिपोर्ट गलत है तो यूपी वाले एक्शन लें। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से गंगा-यमुना के पानी की गुणवत्ता पर एक हफ्ते में नई विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस पर अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। दरअसल ये पूरा मामला उन 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है। जो महाकुंभ में संगम स्नान करने प्रयागराज आए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के श्रद्धालुओं पर संभावित असर को देखते हुए ही यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने नई रिपोर्ट बनाकर इसका जवाब दिया है। गंगाजल की शुद्धता को लेकर राज्य और केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड में जो खींचतान मची हुयी है उसका असर कुम्भ स्नान के लिये आने वाले लोगों पर नहीं देखा जा रहा है। आनेवालों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोगों की आस्था में कहीं कोई कमी नही देखी जा रही है। प्रयागराज के महाकुम्भ में करोड़ो लोगो ने स्नान किया है मगर किसी कोई दिक्कत होने की खबर नहीं मिली है। ऐसे में गंगाजल की शुद्धता को लेकर विवाद करने से अच्छा है जनभावनाओं का सम्मान करें।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# परीक्षा के दौरान एक छात्र की मन की स्थिति



विजय गर्ग
चांद मलोट
पंजाब



परीक्षा बहुत शब्द छात्रों के सबसे अधिक स्टोइक के माध्यम से चिंता का एक लहर भेज सकता है। यह एक सार्वभौमिक अनुभव है- एक कक्षा का शांत हम, एक दिल की धड़कन की तरह गुदगुदी घड़ी गूंज, और उम्मीद का वजन नीचे दबाने का वजन। लेकिन वास्तव में सतह के नीचे क्या चल रहा है? इन निर्णायक क्षणों के दौरान एक छात्र की मन की स्थिति क्या है? उम्मीदों का तूफान कई छात्रों के लिए, परीक्षाएं केवल ज्ञान के परीक्षण नहीं हैं-उन्हें उन क्षणों को परिभाषित करने के रूप में देखा जाता है जो उनके भविष्य के पाठ्यक्रम को चार्ट कर सकते हैं। पारिवारिक अपेक्षाएं, सामाजिक दबाव, और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं एक साथ घूमती हैं, जिससे तनाव का एक आदर्श तूफान पैदा होता है। यह अनगिनत रास्तों के साथ एक चौराहे पर खड़ा है, हर एक अनिश्चितता में क्लोकेड। निराशाजनक प्रियजनों या अपने स्वयं के मानकों को पूरा नहीं करने का डर भारी पड़ सकता है। आत्मविश्वास और संदेह के बीच लड़ाई छात्र के दिमाग के अंदर, एक मूक लड़ाई आत्म-आश्वासन और आत्म-संदेह के बीच बढ़ती है। एक पल, विश्वास का एक उछाल है- मुझे यह मिला है। मैंने कड़ी मेहनत की। अगला, संदेह में रेंगता है- क्या होगा अगर मैं खाली हूं? क्या होगा अगर प्रश्न मेरी अपेक्षा से अलग हैं? यह आंतरिक टग-ऑफ-वॉर मानसिक रूप से थकाऊ हो सकता है, ऊर्जा को निकाला जा सकता है जो अन्यथा ध्यान और स्पष्टता में प्रसारित किया जा सकता है। व्यक्ति का अलगाव साथियों से घिरे होने के बावजूद, परीक्षा का अनुभव गहराई से व्यक्तिगत है। प्रत्येक छात्र अपने स्वयं के डर और आशाओं से जूझता है, अक्सर अपने संघर्ष में अलग - थलग महसूस करता है। यह एक एकल नाविक होने के नाविक है, जो तड़का हुआ समुद्र को नेविगेट कर रहा है, जो क्षितिज पर अन्य जहाजों के बारे में जानता है, लेकिन अंततः अकेले स्टीयरिंग करता है। अलगाव की यह भावना तनाव को बढ़ा सकती है, जिससे चुनौतियां दुर्गम लगती हैं। नकल तंत्र और लचीलापन फिर भी, उथल -पुथल के बीच, छात्र उल्लेखनीय लचीलापन प्रदर्शित करते हैं। वे नकल की रणनीतियों का विकास करते हैंः स्थिर नसों के लिए गहरी साँसें, नोटबुक में स्क्रिबल्ड सकारात्मक पुष्टि, या भाग्यशाली आकर्षण को जेब में टक किया गया। मैरी क्यूरी की कहानी पर विचार करें, जो अपार व्यक्तिगत और सामाजिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, अटूट दृढ़ संकल्प के साथ अपनी पढ़ाई में बनी रही। उसने एक बार कहा था,जीवन हम में से किसी के लिए भी आसान नहीं है। लेकिन उस का क्या? हमें अपने आप में दृढ़ता और सभी आत्मविश्वास से ऊपर होना चाहिए। उसके शब्द अपने स्वयं के बाधाओं को दूर करने के लिए प्रयास करने वाले छात्रों के साथ गूंजते हैं। संतुलन की खोज मामले का क्रूक्स संतुलन है। आत्म-देखभाल के साथ महत्वाकांक्षा, वास्तविकता के साथ अपेक्षाएं और आराम के साथ तैयारी। छात्र अकादमिक उपलब्धि के साथ मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को तेजी से पहचान रहे हैं। शैक्षणिक संस्थान भी अपने पाठ्यक्रम में कल्याण कार्यक्रमों और तनाव प्रबंधन कार्यशालाओं को एकीकृत करते हुए पकड़ने लगे हैं। ग्रेड से परे देख रहे हैं शायद यह पुनर्विचार करने का समय है कि हम परीक्षाओं को पूरी तरह से कैसे देखते हैं। यदि हम विशुद्ध रूप से ग्रेड से समग्र विकास और सीखने के लिए ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, तो हम कुछ अपार दबाव वाले छात्रों को महसूस कर सकते हैं। आखिरकार, एक परीक्षा समय में सिर्फ एक स्नैपशॉट है, न कि किसी की क्षमताओं या क्षमता का पूर्ण चित्र। यहां तक कि अल्बर्ट आइंस्टीन को पारंपरिक स्कूली शिक्षा में चुनौतियों का सामना करना पड़ा, एक बार एक प्रवेश द्वार परीक्षा में विफल रहा। फिर भी, विज्ञान में उनका योगदान इस विचार के लिए एक वसीयतनामा है कि मानकीकृत परीक्षण हमें परिभाषित नहीं करते हैं।

अंतिम विचार परीक्षाओं के दौरान एक छात्र की मन की स्थिति भावनाओं-फ़ीयर, होप, चिंता और दृढ़ संकल्प की एक जटिल टेपेस्ट्री है जो एक साथ बुनी गई है। इन्हें पहचानना और संबोधित करनाभावनाएं महत्वपूर्ण है, न केवल अकादमिक सफलता के लिए, बल्कि लचीला, आत्म-जागरूक व्यक्तियों की एक पीढ़ी को बढ़ावा देने के लिए। आगे बढ़ते हुए इन उच्च दबाव के समय के दौरान हम छात्रों को कैसे समर्थन कर सकते हैं, इस बारे में बातचीत जारी रखना महत्वपूर्ण है। क्या मेंटरशिप कार्यक्रम अनुभव और अपेक्षा के बीच अंतर को पाटने में मदद कर सकते हैं? व्यक्तिगत सहायता प्रदान करने में प्रौद्योगिकी क्या भूमिका निभा सकती है? जैसा कि हम इन सवालों का पता लगाते हैं, हम उन नवाचारों के लिए दरवाजे खोलते हैं जो शैक्षिक परिदृश्य को बदल सकते हैं। इसके अलावा, यह समझना कि सीखना एक आजीवन यात्रा है, जो परीक्षा ले जाने वाले वजन को कम कर सकती है। छात्रों को असफलताओं को असफलताओं के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित करना, लेकिन विकास के अवसर के रूप में सभी अंतर बना सकते हैं। शायद स्कूल ऐतिहासिक आंकड़ों की कहानियों को शामिल कर सकते हैं, जिन्होंने अकादमिक संघर्षों का सामना किया, फिर भी महानता प्राप्त करने के लिए आगे बढ़े, छात्रों को याद दिलाया कि परीक्षा उनकी कहानी में सिर्फ एक अध्याय है। आखिरकार, शिक्षा केवल गंतव्य के बारे में नहीं है- यह यात्रा और अनगिनत अनुभवों के बारे में है जो हम बनते हैं। हमारे दृष्टिकोण को स्थानांतरित करने और हमारे छात्रों को समग्र रूप से समर्थन करने से, हम उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा भूलभुलैया को नेविगेट करने में मदद कर सकते हैं और दूसरी तरफ मजबूत उभर सकते हैं। यह एक बच्चे के समग्र विकास को प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है जो एनईपी 2020 का अंतिम लक्ष्य है।

# महिलाओं को आगे बढ़ाने की धुंधली कोशिशें



संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़,



## बालिकाएं अच्छी शिक्षा की हकदार

निश्चित तौर पर हर रात की सुबह होती है और नई सुबह ज्यादा चमकदार और उजाले से भरपूर होती है। भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया है। स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी है। आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चो और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही है। आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम है। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर है। विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही है। अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही है। यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा थाद्य इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही हैद्य इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी ,एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैं। सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25त्न से भी कम हो गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60 प्रतिशत महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।इन परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा दिए गए सामाजिक आर्थिक विकास के योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा महिलाओं को मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी उपलब्ध कराए हैं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड अपने आंकड़ों से स्पष्ट करता है की किस प्रकार महिलाओं की श्रमबल में अधिक भागीदारी जीडीपी में अप्रत्याशित वृद्धि करता है। पूरा विश्व इस बात से सहमत है की महिलाएं कोमल है पर कमजोर नहीं एवं शक्ति का नाम ही नारी है। हिंदुस्तान के विकास में सही मायने में यदि 50त्न भागीदारी महिलाओं की हो तो असाधारण क्षमता की धनी महिलाएं इस देश को विश्व के अन्य विकसित देशों में खड़ा कर सकती हैं, जरूरत इनकी शक्ति क्षमता एवं योग्यता को पहचानने की है। 21वीं सदी में विश्व शक्ति रूप भारत के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक विकास में महिलाओं का सर्वांगीण विकास को आधार बनाकर आर्थिक महाशक्ति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है।

# अब सीबीआई पिंजरे का तोता नहीं

उप राष्ट्रपति धनखड़ जी ने भोपाल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में सम्बोधन करते हुए आश्चर्य व्यक्त किया कि कार्यपालिका की नियुक्ति के संबंध में न्यायपालिका को कैसे हम शामिल कर सकते हैं।उनके तर्क के अनुसार लोकतंत्र में राष्ट्र के तीनों निकायों में शक्ति के विभाजन के अनुसार सीबीआई के डायरेक्टर के चयन में प्रधान न्यायधीश का क्या काम। उनके अनुसार कार्यपालिका (सरकार) के कार्य सम्पादन में किसी भी प्रकार का हस्तकछेप चाहे वह विधायिका से हो अथवा न्यायपालिका से हो संविधान तथा लोकतंत्र के उसूलों के विरुद्ध है। धनखड़ जी खुद अदालतों मे वकालत कर चुके हैं।हालांकि वे सफल वकील नहीं रहे। उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन केवल संसद का अधिकार है। एक अनजाने महा न्यायवादी की किताब का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा मेरी समझ से तो संविधान के मूलभूत सिद्धांतों पर बहस की जरूरत हैं।जगदीप धनखड़ जी संवैधानिक पद के नंबर दोयम पर



आसीन हैं। परंतु वे उच्च सदन के सभापति भी हैं। अब वे सांविधानिक रूप से नंबर दो पर होने के बाद राष्ट्रीय विधायिका के सभापति भी हैं।मेरी तुच्छ बुद्धि के अनुसार यदि सांविधानिक पद पर हैं तब, उन्हें विधायिका और उससे जन्मे व्यवस्थापक से बिल्कुल समान दूरी बना कर रखनी चाहिए। राज्यसभा में बैठक का संचालन करते हुए उनके व्यवहार और फैसलों को समझा जा सकता है कि वे कितने न्यायप्रिय हैं। विपक्ष के सांसदों ने अनेकानेक बार उन पर न्याय नहीं नहीं करने का आरोप लगाया हैं।सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट से बार-बार यह सुनना पड़ा था कि वह सरकारी तोता है। जिसका इशारा था कि सीबीआई की जांच सरकार के समर्थन में ही होती हैं।वह न्याय पूर्ण नहीं होती हैं। क्यूंकि अधिकतर सरकार अपने किसी स्वामिभक्त अफसर को इस पद पर नियुक्त करती थी। सुप्रीम कोर्ट की फटकार से केंद्र सरकार ने सीबीआई मुखिया की नियुक्ति में सर्वोच्च अदालत के प्रधान को भी शामिल किया। जिसका अर्थ यह था कि कम से कम अब सीबीआई को पिंजरे का तोता सुप्रीम कोर्ट नहीं कह सकेगी।

-विजय तिवारी-

## कविता
## करो शिवजी तांडव नर्तन

घटती-घटना



टीकेश्वर सिन्हा
घोटिया बालोद
छत्तीसगढ़



इस घोर कलयुग में महाकाल बन ,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
पापों से लद रही है धरती ,
अनाचार को नित निहारे नीलाम्बर ।
सच के कंधे पर बंदूक रख ,
शांति को साध रहा आडम्बर ।
नवसृजन को सृष्टि में हों परिवर्तन ,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
मलीन हो रही सुरसरिता ,
मिट चली गिरिवर की शान ।
ऊब से गये झील-झरोखे ,
चहुँ ओर नैसर्गिक अवसान ।
प्रलय चाहता अब जड़ और चेतन ,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
बेटा भूलता पितृभाव को ,
न मातृस्नेह को समझ पाता ।
टूट रही संवेदनाएँ सारी ,
धुमिल हुआ सब रिश्ता-नाता ।
भाई को खटकता बहन का यौवन
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
पथभ्रष्ट हो गया धर्म ,
विस्मृत हुआ गीता का ज्ञान ।
अंधे धृतराष्ट्र के राज्य में ,
युवराज है दुर्योधन समान ।
आज न कोई पांडव न मधुसूदन ,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
नौ दिनों तक पूजा होती ,
जिस पर श्रद्धासुमन चढ़ाते हैं ।
यह कैसी भक्ति कलयुग की ,
एक रूप का शील चुराते हैं ।
माँ-बाप का बोझ बेटी का कुवाँरापन ,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
अगर अब होगा सागर मंथन ,
मैं सुधा छोड़ विष पीऊँगा ।
दानव सम मानव नगरी में ,
मैं मानव बन नहीं जीऊँगा ।
प्रलय चाह को इत-उत् डोलै मेरा मन ,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# भाजपा को सरगुजा व सूरजपुर में जोड़-तोड़ की आवश्यकता,बलरामपुर में एकतरफा बहुमत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



तीसरे व अंतिम चरण का मतदान रविवार को सरगुजा में लुण्ड्रा व बतौली विकासखंड में हुआ। जनपद पंचायत लुण्ड्रा में 2 पद व बतौली में 1 पद के लिए चुनाव हुआ। लुण्ड्रा जनपद के क्षेत्र क्रमांक 8 से भाजपा समर्थित उम्मीदवार निरूपा सिंह ने चुनाव जीता है। क्षेत्र क्रमांक 9 से भाजपा समर्थित देवनारायण यादव ने कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी गंगा राम को करीब 4 हजार मतों से चुनाव हराया है। वहीं क्षेत्र क्रमांक 10 बतौली से भाजपा समर्थित उम्मदवार नानमणि पैकरा ने जीत दर्ज की है। वहीं सरगुजा जिला पंचायत के लिए बहुमत की बात करें तो 14 सीटों में से 7 सीटों पर भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य ने जीत दर्ज की है। पहले चरण में 7 सीट पर चुनाव हुआ था। जिसमें भाजपा ने तीन सीट पर जीत दर्ज की थी। जबकि निर्दलीय चुनाव जीतीं राधा रवि ने भाजपा में शामिल होकर बहुत दी है। वहीं दूसरे चरण में 4 सीटों पर चुनाव हुए थे। जिसमें भाजपा के सभी समर्थित उम्मीदवारों को हार का सामाना करना पड़ा था। वहीं तीसरे चरण में भाजपा ने तीनों सीटों पर जीत दर्ज कर जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 7 कर ली है। हालांकि बहुमत के लिए एक और निर्दलीय प्रत्याशी की आवश्यकता है।

सूरजपुर में जिले में अंतिम चरण में कुल 5 जिला पंचायत सदस्यों के लिए चुनाव हुआ। जिसमें जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-5 से भाजपा समर्थित प्रत्याशी कुसुम सिंह चुनाव जीत गई हैं। वहीं क्षेत्र क्रमांक 6 से पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा की पत्नी शशि कला पैकरा चुनाव हार गई हैं। उन्हें बाबूलाल मरापो ने शिकस्त दी। बाबूलाल मरापो पूर्व में संघ के प्रचारक रह चुके हैं। जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 10 से रामसेवक पैकरा के बेटे लवकेश पैकरा चुनाव जीत गए हैं। यहां भाजपा ने किसी को भी समर्थन नहीं दिया था। क्षेत्र क्रमांक 11 में भाजपा समर्थित बासुदेव माझी ने चुनाव जीत लिया है। वहीं, क्षेत्र क्रमांक-12 में भाजपा समर्थित चंद्रमणि पैकरा ने जीत हासिल की है। पहले चरण में भाजपा के सभी समर्थित प्रत्याशी हार गए थे। सूरजपुर में भाजपा के 5 समर्थित प्रत्याशियों की जीत हुई है। भाजपा से बगावत कर चुनाव जीतने वालों की संख्या तीन है। कांग्रेस के 4 समर्थित प्रत्याशी जीते हैं। भाजपा बहुमत के करीब है, लेकिन जोड़-तोड़ की राजनीति सूरजपुर में करनी होगी। बलरामपुर में भाजपा ने जिला पंचायत में आसानी से बहुमत हासिल कर लिया है। हालांकि मंत्री रामविचार नेताम के गृहक्षेत्र सनावल में भाजपा समर्थित प्रत्याशी को तीसरे चरण के चुनाव में बड़े मतांतर से हार का सामना करना पड़ा। अंतिम चरण में बलरामपुर जिले के छह जिला पंचायत सदस्यों के लिए चुनाव हुआ। इनमें रामचंद्रपुर ब्लॉक के क्षेत्र क्रमांक 4 सनावल से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी उषा देवी करीब 8000 मतों के बड़े मतांतर से चुनाव हार गई हैं। उन्हें कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी साधना यादव ने शिकस्त दी। यह मंत्री रामविचार नेताम का गृहक्षेत्र है। क्षेत्र क्रमांक 5 नवाडीह से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी मुंशी राम ने करीब 9 हजार मतों से जीत दर्ज की है। क्षेत्र क्रमांक 6 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बद्री यादव ने प्रतिद्वंदी राजेश यादव से करीब 2500 मतों की बढ़त बनाई है। वाड्रफनगर ब्लॉक के तीन जिला पंचायत सीटों में क्षेत्र क्रमांक 1 से भाजपा की समर्थित प्रत्याशी अनुसुइया वर्मा चुनाव जीत गई हैं। क्षेत्र कमांक 2 से अनिल कुशवाहा कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। क्षेत्र क्रमांक 3 से भाजपा के राजू सिंह ओइके चुनाव हार गए हैं। उन्हें भाजपा के बागी रामप्रताप सिंह ने नजदीकी मुकाबले में हराया है। अंतिम परिणाम सारणीकरण के बाद आएंगे। बलरामपुर में पहले चरण में हुए 6 सीटों के चुनाव में पांच सीटों पर अधिकृत प्रत्याशी और एक सीट पर भाजपा से बगावत कर चुनाव लडने् वाले विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के पति और पूर्व संसदीय सचिव सिद्धनाथ पैकरा ने चुनाव जीता है। दूसरे चरण के दो सीटों पर हुए चुनाव में दोनों समर्थित प्रत्याशी जीत गए हैं।



# शराबी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई को लेकर ग्रामीण लामबंद

- सवाददाता -
अंबिकापुर,24 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

लखनपुर विकासखंड के गुमगारा खुर्द शासकीय प्राथमिक शाला बरतीपारा में पदस्थ एक शिक्षक अक्सर शराब सेवन कर स्कूल आता है। सोमवार को ग्रामीणों ने शराब पीकर आए शिक्षक का विरोध जताया है। ग्रामीण शिक्षक को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं।

लखनपुर विकासखंड की गुमगरा खुर्द बरती पारा के प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक शैलेंद्र सिंह पोर्ते आए दिन शराब पीकर स्कूल पहुंचता है और उपस्थित पंजीयन में हस्ताक्षर कर घर चला जाता है। सोमवार को भी शिक्षक शैलेंद्र सिंह पोर्ते शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचा। इसकी जानकारी ग्रामीणों को होने पर वे तत्काल स्कूल पहुंचे और विरोध जताया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी संकुल समन्वयक को दी सूचना पर सीएससी विनोद गुप्ता स्कूल पहुंचे और मामले की जांच की। जांच में शिक्षक शराब के नशे में धुत पाए गया। ग्रामीण और स्कूली बच्चों से पूछताछ कर जांच प्रतिवेदन तैयार कर खंड शिक्षा अधिकारी को कार्रवाई हेतु जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। सीएससी विनोद गुप्ता का कहना है कि शिक्षक शैलेन्द्र पोर्ते को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अवैतनिक की कार्रवाई भी की गई है। परंतु शिक्षक के आचरण में किसी भी प्रकार के सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। विगत माह उक्त शिक्षक नशा मुक्ति केंद्र से वापस लौटा है।

# भाजपा को कैबिनेट मंत्री नेताम के गृह क्षेत्र में बड़ा झटका, कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी साधना यादव ने की जीत दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर/बलरामपुर,24 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



बलरामपुर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 (सनावल) में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी साधना यादव ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार एवं वरिष्ठ नेता बलवंत सिंह की पत्नी उषा सिंह को लगभग 7,000 मतों से पराजित कर बड़ी जीत हासिल की है। हालांकि, इस जीत की आधिकारिक घोषणा अभी शेष है। साधना यादव युवा नेता एवं समाजसेवी संतोष यादव की पत्नी हैं, जिन्हें कांग्रेस ने अपना अधिकृत उम्मीदवार बनाया था।

## परिसीमन के कारण बदला क्षेत्र, फिर भी मिली बड़ी जीत

ग्राम नवाडीह के निवासी और समाजसेवी संतोष यादव लंबे समय से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन परिसीमन और आरक्षण के कारण उन्हें इस बार चुनाव लड़ने का अवसर नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 (सनावल), जो इस बार महिला सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित था, से अपनी पत्नी साधना यादव को कांग्रेस के समर्थन से मैदान में उतारा। शुरुआत में चुनावी समीकरण संतोष यादव के पक्ष में नहीं दिख रहे थे, लेकिन लगातार क्षेत्र में उनकी सक्रियता और जनसंपर्क ने माहौल को बदल दिया, जो अंततः जीत में तब्दील हुआ।

जीत के बाद संतोष यादव ने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह जीत सनावल क्षेत्रवासियों की जीत है। जनता ने मेरी पत्नी को आशीर्वाद देकर जो भरोसा जताया है, उसे निभाने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। समाज सेवा का जो कार्य मैं वर्षों से करता आ रहा हूं, यह जीत उसे और अधिक बल प्रदान करेगी।÷ इस चुनाव में साधना यादव ने बिना किसी बड़े कांग्रेस नेता के समर्थन या प्रचार के यह जीत हासिल की, जो इस सफलता को और भी विशेष बनाता है। क्षेत्र में केवल व्यक्तिगत जनसंपर्क और स्थानीय समर्थन के बलबूते उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को मात दी।

## प्रचार सभाओं में उमड़ी भारी भीड़

प्रचार के दौरान संतोष यादव द्वारा आयोजित सभाओं में क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ उमड़ रही थी, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिल रहा था कि जनता का रुझान कांग्रेस उम्मीदवार की ओर है। परिणाम ने इसे सच साबित कर दिया और साधना यादव ने बड़ी अंतर से जीत दर्ज की।

# सडक़ हादसे में घायल युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम जरहाडीह मोड़ के पास रविवार की देर रात अनियंत्रित बाइक सडक़ किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वह पंचायत चुनाव में वोट देकर वापस अंबिकापुर लौट रहा था। उसे इलाज के लिए बतौली अस्पताल ले जाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार अशोक कुजूर ग्राम बोदा बतौली का रहने वाला था। वह अंबिकुापर में रहता था। रविवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में वोट देने अंबिकापुर से ग्राम बोदा अपने गांव बाइक से गया था। वोट देने के बाद रात करीब 10 बजे वह अपने घर से अंबिकापुर वापस आने के लिए निकला था। तभी ग्राम जरहाडीह मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से जाकर टकरा गई। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए शांतिपारा बतौली अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति व दो बच्चे घायल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कल्याणपुर स्थित परसापारा के पास रविवार को अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक में पति-पत्नी व दो मासूम बेटे सवार थे। दुर्घटना में चारों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। जबकि पति व दोनों मासूम बेटे का इलाज चल रहा है। पति की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार भोला चौधरी उम्र 40 वर्ष लटोरी जयनगर का रहने वाला है। वह रविवार को पत्नी पिंकी उम्र 35 वर्ष व दो मासूम बेटे लवकेश व कुशलेश के साथ बाइक से लटोरी से खडग़वां जा रहा था। रास्ते में कल्याणपुर स्थित परसापारा के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में चारो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और सभी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां इलाज के दौरान पिंकी की मौत हो गई। वहीं दोनों बेटों का इलाज वहीं चल रहा है। जबकि इसके पति की स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# ज़िला पंचायत अध्यक्ष,उपाध्यक्ष के लिए होगा ज़ोर आजमाइश,निर्दलीयों की लग सकती है,लॉटरी

शम्मरोज खान
सूरजपुर,24 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण के मतदान, व मतगणना के साथ ही, प्रत्याशियों के जीत के साथ ही ग्रामीण सरकार बनाने की कवायद शुरू हो गई है। अब बारी है जिला पंचायत में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की कुर्सी पर कब्ज़ा करने का,,कल के चुनाव में 05 ज़िला सदस्य,के अलावा जनपद, और पंचायत के लिए चुनाव हो रहे थे। ऐसे में पहले व दूसरे चरण के चुनावों में पिछड़ी भाजपा के लिए तीसरे चरण का चुनाव में दमदार प्रदर्शन साथ जिला पंचायत में सरकार बनाने की उम्मीद लेकर आया।

दरअसल 15 सीट वाले ज़िला पंचायत के चुनावों में पहले और दूसरे राउंड में भाजपा पिछड़ती नज़र आई थी, पहले चरण में सूरजपुर भैयाथान जनपद के अतंर्गत हुए चुनाव में 03 सीट कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी जीतकर आए, लेकिन भाजपा का खाता नहीं खुला, और निर्दलीय 03 प्रत्याशी ने बाजी मारकर, निर्दलीयों के लिए जिला पंचायत की गद्दी पर कब्जा करने का मार्ग बना दिया। हालांकि दूसरे चरण और कल हुए अंतिम चरण में भाजपा ने वापसी करते हुए, 06 सीटें अपने नाम कर ली। अब जो स्तिथि है, कांग्रेस समर्थित 04 उम्मीदवार चुनाव जीतने में कामयाब रहे, तो निर्दलीय 05 प्रत्याशियों ने चुनावी मैदान में फतह हासिल की। ऐसे में निर्दलीय प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह की बेटी मोनिका सिंह निर्दलीय प्रत्याशियों में एक मात्र ट्राइबल महिला है, और सबसे शसक्त दावेदार भी हैं। समीकरणों में यदि यह अध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा कर लें तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की बात की जाए तो पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा की पत्नी शशिकला पैकरा के चुनाव हारने के बाद अब बिहारपुर क्षेत्र से विजय ट्राइबल महिला कुसुम सिंह, व प्रतापपुर से विजय प्रत्याशी चंद्रमणि पैकरा भी प्रबल दावेदारों में से एक है।






## अध्यक्ष प्रत्याशी नहीं कांग्रेस खेमे में

पहले चरण के चुनावों के दौरान 06 सीटों पर हुए चुनाव में मिली बढ़त के बाद कांग्रेस खेमे में जहां खुशी और उत्साह का माहौल था, लेकिन जिला पंचायत की सीट ट्राइबल महिला के लिए आरक्षित होने की वजह से, दूसरे और तीसरे चरण के 09 सीट पर होने वाले चुनाव में कांग्रेस को एक सीट से सन्तुष्ट होना पड़ा, तो कोई भी आदिवासी महिला प्रत्याशी कांग्रेस के खेमे से जीतने में कामयाब नहीं हो सकी जिसकी वजह से अब स्तिथि यह है, की कोई भी ट्राइबल कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी अध्यक्ष की सीट पर दावेदारी नहीं कर पाएगी। ऐसे में अब कांग्रेस भी 04 सीटों के साथ उपाध्यक्ष के लिए किसी समीकरण के इंतेज़ार में बैठी है।

## जोड़ तोड़ खरीद बिक्री का खेल

प्रदेश की सत्ता पर भाजपा काबिज़ है, और सूरजपुर की 06 जिला पंचायत सीट पर भाजपा ने कब्ज़ा भी कर लिया है वहीं 05 निर्दलीय, और 04 कांग्रेस के लोगों ने जीत हासिल की है। अब ऐसे में भाजपा से बागी होकर निर्दलीय लड़ रही, मोनिका सिंह, जिनको अध्यक्ष बनाने उनकी माँ केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह, कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगी, तो भाजपा संगठन और पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा क्षेत्र क्रमांक 12 से जीती चंद्रमणि पैकरा के लिए लॉबिंग करते दिखेंगे, इन दोनों की लड़ाई में फायदा पूर्व राज्यसभा सांसद स्व शिवप्रताप की बहू कुसुम सिंह को मिल सकता है। बहरहाल अब निर्दलीय प्रत्याशियों की पूछ परख बढ़ेगी, मान मनौव्वल जोड़ तोड़ और खरीद बिक्री भी आगे देखने मिलेगा, जिससे ग्रामीण सरकार की सत्ता में कोई भी बैठे लेकिन निर्दलीय प्रत्याशियों का फायदा होना तय है।

# हार्डवेयर दुकान में लगी भीषण आग,मकान में फंसे सभी को निकाला गया सुरक्षित बाहर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

शहर के महामाया रोड में स्थित हार्डवेयर दुकान में रविवार रात भीषण आग लग गई। जबकि संचालक पूरे परिवार के साथ दुकान के ऊपर फ्लोर पर सो रहे थे। सभी 6 सदस्यों को छत के रास्ते बाहर निकाला गया। देखते ही देखते आग इतना विकराल रूप ले लिया था कि दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी में लगभग 40 लाख से ज्यादा का नुकसान होना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शहर के महामाया रोड स्थत समलाया मंदिर के पास अमर इंटरप्राइजेज हार्डवेयर दुकान है। दुकान का संचालक शुभम जैन हैं। दुकान व मकान ग्राउंड व फर्स्ट फलोर में बना हुआ है। रविवार की रात को दुकान बंद कर शुभम सहित 4 लोग ऊपर फ्लोर में निवास कर रहे थे। जबकि उनके माता-पिता दुकान के बगल के कमरे में सो रहे थे। रात करीब 11.30 बजे आग लग गई। दुकान का शटर बंद होने के कारण आग लगने की जानकारी तत्काल नहीं मिल पाई। दुकान में रखे गए पेंट के डब्बे फूटने लगे और दुकान के अंदर से धुएं निकलने लगे तो आस पास के लोगों ने देखा तो इसकी जानकारी दुकान संचालक को दी। ऊपर फ्लोर पर सो रहे शुभम सहित अन्य लोगों को जब दुकान में आग लगने की जानकारी मिली तो वह दुकान के रास्ते बाहर निकलने की कोशिश करने लगे। लेकिन गलियार में खड़े किए गए स्कूटी में भी आग पकड़ लिया था। वह अपने माता-पिता को उठाए और सभी को लेकर छत पर गए। पड़ोसियों ने किसी तरह अपने छत से होते हुए सभी को एक-एक कर बाहर निकाला।दुकान के संचालक शुभम जैन जब नीचे पहुंचे, तब तक पूरी दुकान भीषण आग की चपेट में आ चुकी थी। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पानी की कोशिश शुरू हुई। दुकान के शटर को जेसीबी और हाइड्रा वाहन बुलाकर तोड़ा गया। दमकल की तीन वाहनों ने करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। दुकान में पेंट और थिनर के साथ अन्य सामान आगजनी में पूरी तरह बर्बाद हो गए। संचालक के अनुसार आगजनी में करीब 40 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आगजनी का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है।





# यूएन के प्रतिबंधों को ड्रैगन ने दिखाया ठेंगा

## चीनी जहाज पर उत्तर कोरियाई चालक दल से जबरन श्रम की रिपोर्ट

**सिओल,24 फरवरी 2025।** दूरस्थ जल क्षेत्र में मछली पकड़ने वाले चीनी जहाजों के एक बेड़े 2019 से 2024 के बीच संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए उत्तर कोरियाई चालक दल का इस्तेमाल किया। चालक दल के कई सदस्य अत्याचार का शिकार हुए और उन्हें फंसाकर वर्षों तक समुद्र में रखा गया। सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया।

### 19 कर्मचारियों के इंटरव्यू पर आधारित रिपोर्ट

दरअसल, लंदन स्थित एनवायरनमेंटल जस्टिस फाउंडेशन (ईजेएफ) ने रिपोर्ट जारी की है। यह पर्यावरण और मानवाधिकार के मुद्दों में विशेषज्ञता रखने वाला समूह है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उसने दक्षिण-पश्चिम हिंद महासागर में चल रहे 12 चीनी ट्यूना जहाजों पर उत्तर कोरियाई कर्मियों की मौजूदगी की पहचान की है। रिपोर्ट इंडोनेशिया और फिलीपींस के उन 19 कर्मचारियों के इंटरव्यू पर आधारित है, जिन्होंने उत्तर कोरियाई कर्मियों के साथ काम किया था।

### उत्तर कोरियाई कर्मियों को 10 साल तक काम करने का डाला दबाव



रिपोर्ट के मुताबिक, इंडोनेशिया और फिलीपींस के चालक दल के सदस्यों ने बताया कि उत्तर कोरियाई कर्मियों की मौजूदगी को छिपाने के ठोस प्रयास किए गए और उन पर समुद्र में दस साल तक काम करने का दबाव डाला गया। कुछ मामलों में जमीन पर पैर भी नहीं रखने दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया, यह जबरन श्रम की उस सीमा को पार करता है, जो मछली पकड़ने के उद्योग में पहले से हो रहे अत्याचारों से कहीं ज्यादा गंभीर है।

### एक से दूसरे जहाज में स्थानांतरित होते थे चालक दल के सदस्य

ईजेएफ ने बताया कि उत्तर कोरियाई कर्मियों को एक जहाज से दूसरे जहाज में स्थानांतरित किया गया, ताकि वह जमीन पर न लौट सकें। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि इन कर्मियों को बंदरगाह पर जाने पर मोबाइल फोन का उपयोग करने और जहाजों से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी।

### यूएनएससी के 2017 के संकल्प का उल्लंघन

उत्तर कोरियाई के चालक दल का उपयोग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 2017 के संकल्प का उल्लंघन है, जिसमें सदस्य देशों से कहा गया था कि वे उत्तर कोरिया के कर्मियों को काम करने की अनुमति न दें और 2019 के अंत तक उन्हें वापस भेज दें। ये प्रतिबंध उत्तर कोरिया द्वारा लंबी दूरी की मिसाइल परीक्षण करने के बाद लाग किए गए थे। चीन के विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को लेकर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की है।

# जापान-फिलीपींस मिलकर करेंगे चीन की बढ़ती आक्रामकता से निपटने की तैयारी, रक्षा सहयोग पर किया यह खुलासा



**नई दिल्ली,24 फरवरी 2025।** एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए जापान और फिलीपींस ने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने का बड़ा फैसला लिया है। सोमवार को मनीला में हुई उच्चस्तरीय बैठक में दोनों देशों ने सैन्य सूचनाओं की सुरक्षा और साझा रक्षा प्रशिक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण समझौते किए। जापानी रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी और उनके फिलीपीन समकक्ष गिल्बर्टो टेओडोरो ने इस रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर सहमति जताई।

**दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में ड्रैगन के बढ़ते कदमों पर गहरी चिंता जताई गई**

बैठक में चीन की ओर से विवादित दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में बढ़ते कदमों पर गहरी चिंता जताई गई। दोनों देशों ने संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा सूचना साझा करने और सैन्य ऑपरेशनों को बेहतर समन्वय देने पर भी चर्चा की। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब फिलीपींस ने हाल ही में अमेरिका के साथ रक्षा समझौते को भी मजबूत किया है, जिससे उसे उन्नत हथियार और सैन्य तकनीक हासिल करने में मदद मिलेगी।

जापान और फिलीपींस, संयुक्त राज्य अमेरिका के संधि सहयोगी हैं, और ये तीनों देश विवादित जलक्षेत्र सहित क्षेत्र में चीन की आक्रामक कार्रवाइयों के सबसे मुखर आलोचकों में से हैं। नाकातानी के साथ अपनी बैठक के आरंभ में, टेओडोरो ने कहा कि फिलीपींस, चीन और अन्य देशों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और कथानक को बदलने के एकतरफा प्रयासों के विरुद्ध जापान के साथ रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लिए उत्सुक है।

**सैन्य सूचना संरक्षण तंत्र पर रक्षा अधिकारियों के बीच चर्चा शुरू करने पर सहमति**

बैठक के बाद नाकातानी ने कहा कि वह संयुक्त और बहुराष्ट्रीय रक्षा प्रशिक्षण, बंदरगाहों पर यात्रा और सूचना साझा करने सहित परिचालन सहयोग को मजबूत करने के लिए टेओडोरो के साथ सहमत हैं। नाकातानी ने कहा, हमने सैन्य सूचना संरक्षण तंत्र पर रक्षा अधिकारियों के बीच चर्चा शुरू करने पर भी सहमति व्यक्त की।

फिलीपींस ने पिछले वर्ष अपने दीर्घकालिक संधि सहयोगी, अमेरिका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, ताकि प्रमुख हथियारों के संबंध में अत्यधिक गोपनीय सैन्य खुफिया जानकारी और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान को बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सके, जिससे अमेरिका की ओर से फिलीपींस को ऐसे हथियारों की बिक्री की जा सके।

# पोप फ्रांसिस 10 दिन से अस्पताल में भर्ती,फेफड़े के बाद अब किडनी में खराबी के शुरुआती लक्षण दिखे

**रोम,24 फरवरी 2025।** फेफड़ों में संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती पोप फ्रांसिस की हालत स्थिर है। वेटिकन ने बताया कि पोप का इलाज जारी है। अब उनकी किडनी में खराबी के शुरुआती लक्षण नजर आए। बताया गया कि रात में उन्होंने अच्छी नींद ली। सोमवार सुबह भी आराम किया। उन्होंने भोजन भी किया। वेटिकन ने यह भी बताया कि पोप फ्रांसिस अच्छे मूड में नजर आए।

पोप फ्रांसिस (88) को ब्रोंकाइटिस की समस्या के बाद 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। रविवार देर रात डॉक्टरों ने बताया कि रक्त परीक्षण में उनकी किडनी में खराबी के शुरुआती लक्षण नजर आए, लेकिन यह नियंत्रण में है। शनिवार से उन्हें सांस लेने में कोई और परेशानी नहीं हुई है। उन्हें ऑक्सीजन दी जा रही है। रविवार को उन्होंने प्रार्थना सभा में भाग लिया। साथ ही लोगों से बात भी की।



### लोगों ने की प्रार्थना

रविवार को न्यूयॉर्क में कार्डिनल टिमोथी डोलन ने कहा कि ईसाई धर्म के कैथोलिक संप्रदाय के लोग पोप फ्रांसिस की नाजुक हालत के बीच एकजुट हैं। हालांकि रोम में धार्मिक गुरु सार्वजनिक रूप से ऐसा कहने से बचते दिखे। डोलन ने सेंट पैट्रिक कैथेड्रल के मंच से कहा कि हमारे पवित्र पिता पोप फ्रांसिस का स्वास्थ्य बहुत ही नाजुक है और शायद वे मृत्यु शैय्या के करीब हैं। उम्मीद और प्रार्थना है कि फ्रांसिस ठीक हो जाएंगे। फ्रांसिस की स्थिति ने इन अटकलों को फिर से जन्म दे दिया है कि यदि वह अचेत हो गए या किसी अन्य प्रकार से अक्षम हो गए तो क्या होगा और क्या वह इस्तीफा दे देंगे?

डॉक्टरों का कहना है कि फ्रांसिस की उम्र, कमजोरी और पहले से ही फेफड़ों की बीमारी के चलते उनके स्वास्थ्य की स्थिति खतरनाक है। उन्होंने चेतावनी दी है कि फ्रांसिस के सामने सबसे बड़ा खतरा सेप्सिस है , जो रक्त का एक गंभीर संक्रमण है। हालांकि वेटिकन ने सेप्सिस के शुरू होने को लेकर कुछ नहीं कहा है।

### युवावस्था में निकाला गया था फेफड़े का हिस्सा

पोप फ्रांसिस जब जवान थे, तब उनके एक फेफड़े में संक्रमण के कारण उसे हटाना पड़ा था। इस कारण अब उन्हें सांस से जुड़ी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले 2023 में भी उन्हें फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था।

# इस्राइल ने 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई रोकी,अमेरिका ने समर्थन में कहा- हर कदम के साथ

**नई दिल्ली,24 फरवरी 2025।** अमेरिका ने इस्राइल की ओर से 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई में देरी के फैसले का समर्थन किया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस्राइली सरकार ने हमास के बंधकों के साथ ÷बर्बर व्यवहार÷ को आधार बनाते हुए यह कदम उठाया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने इसे ÷उचित प्रतिक्रिया÷ करार दिया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इस्राइल के हर फैसले के साथ खड़े रहने की बात कही। इस बीच, हमास ने भी कहा है कि जब तक कैदियों को रिहा नहीं किया जाता, वह इस्राइल से किसी भी वार्ता के लिए तैयार नहीं है।

# समलैंगिक संबंध बनाते हुए दो छात्रों को पड़ोसियों ने पकड़ा,कोर्ट ने सुनाई 85 कोड़ों की सजा

**बांदा आचे (इंडोनेशिया), 24 फरवरी 2025।** इंडोनेशिया के आचे प्रांत की एक इस्लामी शरिया अदालत ने सोमवार को दो पुरुषों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारने की सुनाई। इन दोनों को यह सजा समलैंगिक संबंध बनाने के आरोप में सुनाई गई है।

### पड़ोसियों ने आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े थे आरोपी

दोनों आरोपी 24 और 18 वर्ष के हैं। उन्हें सात नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें उनके पड़ोसियों ने समलैंगिक संबंध बनाने के शक में उनके किराए के कमरे में पकड़ा था। पड़ोसियों ने उनका दरवाजा तोड़कर उन्हें निर्वस्त्र और एक-दूसरे को गले लगाते हुए देखा था।

### दोनों आरोपियों को 85 और 80 कोड़े मारने की सजा

न्यायाधीश सखवानाह ने कहा कि यह साबित हो चुका है कि दोनों छात्रों ने समलैंगिक संबंध बनाए थे और उन्हें क्रमशः 85 और 80 कोड़े मारने की सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा, मुकदमे के दौरान यह साबित हुआ कि आरोपियों ने अनुचित कृत्य किए, जिसमें एक-दूसरे को चुंबन और शारीरिक संबंध बनाना शामिल था। उन्होंने कहा, मुसलमान होने के नाते आरोपियों को आचे में लागू शरिया कानून का पालन करना चाहिए।

### आरोपी छात्रों का अपराध का इतिहास नहीं

न्यायाधीश सखवानाह ने कहा, तीन न्यायाधीशों के पैनल ने



आरोपियों को अधिकतम सौ कोड़े मारने की सजा न देने का फैसला किया, क्योंकि आरोपी छात्र अच्छे थे, अदालत में विनम्र थे, अधिकारियों के साथ सहयोग करते थे और उनका कोई पिछला अपराध नहीं था।

### अदालत ने वरिष्ठ नागरिक को दी थी 80 कोड़े की सजा

अभियोजकों ने पहले दोनों आरोपियों के लिए 80 कोड़े की सजा की मांग की थी। लेकिन न्यायाधीशों ने एक वरिष्ठ नागरिक को कड़ी सजा दी थी, क्योंकि उन्हें लगा कि वह वहीं व्यक्ति था जिसने शारीरिक संबंध बनाने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें जगह दी। अभियोजकों और दोनों छात्रों के वकीलों ने सजा को स्वीकार किया है और कहा कि वह इसके खिलाफ अपील नहीं करेंगे।

### आचे प्रांत में लागू है सख्त इस्लामी शरिया कानून

आचे इंडोनेशिया में एक मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, जो धार्मिक दृष्टि से अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक पवित्र माना जाता है। यह एकमात्र प्रांत है, जहां 2006 में शांति समझौते के तहत इस्लामी शरिया कानून का यह संस्करण लागू किया गया है। यह शांति समझौता इंडोनेशिया की धर्मनिरपेक्ष केंद्र सरकार ने अलगाववादी संघर्ष को समाप्त करने के लिए किया था। इस कानून के तहत समलैंगिक संबंध बनाने, जुआ खेलने, शराब पीने, महिलाओं के तंग कपड़े पहनने और पुरुषों के शुक्रवार की नमाज में शामिल न होने पर कोड़े मारने की सजा दी जाती है।

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025

# तृतीय चरण में बतौली व लुण्ड्रा में 87.21 फीसदी हुआ मतदान

» **दोनों ब्लॉक के 127102 मतदाताओं ने मताधिकार का किया प्रयोग**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 24 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत जिले के बतौली और लूण्ड्रा विकासखंड में तृतीय चरण के अंतिम मतदान में 87.21 फीसदी वोटिंग हुई। बतौली में महिला मतदाता पुरुषों की तुलना में आगे रही और बढ़ चढ़ कर मतदान में हिस्सा लिया। तो वहीं लूण्ड्रा में पुरुष मतदाता महिलाओं की तुलना में आगे रहे।



इन दोनों विकासखंड में 63 हजार 368 महिला एवं 63 हजार 733 पुरुष के साथ कुल 1 लाख 27 हजार 102 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

बतौली में 85.93 फीसदी मतदान हुआ, जबकि लुण्ड्रा में 87.98 फीसदी मतदान हुआ। बतौली ब्लॉक में पुरुष की तुलना में 555 महिला मतदाता ने अधिक मतदान किया जबकि लुण्ड्रा में महिलाओं की तुलना में 920 पुरुष मतदाता ने अधिक वोटिंग की।

### दोनों विकासखंड में इस प्रकार हुई वोटिंग

जिले के विकासखंड बतौली में कुल 54 हजार 419 मतदाता में से 23 हजार 659 महिला और 23 हजार 104 पुरुषों के साथ कुल 46 हजार 763 मतदाताओं ने मतदान किया। इस जनपद में मतदान प्रतिशत 85.93 रहा।

इसी प्रकार विकासखंड लूण्ड्रा में कुल 91 हजार 308 मतदाता में से 39 हजार 709 महिला, 40 हजार 629 पुरुष व 01 अन्य मतदाता के साथ कुल 80 हजार 339 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसका मतदान प्रतिशत 87.98 रहा।

# विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु 27 फरवरी को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र अम्बिकापुर के द्वारा 27 फरवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी नियोजक मां महामाया हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर लरंगसाय चौक अंम्बिकापुर के द्वारा संचालक श्री सुनिल कुमार सिन्हा उपस्थित रहेंगे। प्लेसमेंट कैंप के अंतर्गत रिसेप्शनिस्ट (महिला) के 02 पद, रिसेन्शनिस्ट (पुरूष) के 01 पद, निर्धारित योग्यता ग्रेजुएशन संभावित वेतन 8000 हजार से 12000 हजार तक, नर्स (आइसीयू) के 02 पद संभावित वेतन 8000 हजार से 21000 हजार तक, नर्स (वार्ड) के 08 पद संभावित वेतन 7000 हजार से 18000 हजार तक, (ओ.टी.) टेक्नीशियन के 02 पद संभावित वेतन 13000 हजार से 25000 हजार तक, वार्ड ब्वाय के 02 पद संभावित वेतन 8000 हजार से 15000 हजार तक एवं क्लिनिक स्टॉफ के 03 पद संभावित वेतन 7000 हजार से 12000 हजार निर्धारित किया गया है। कार्यस्थल अम्बिकापुर, उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है, नियुक्ति की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेदार होंगे। कार्यालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में सिर्फ सुविधा प्रदाता के रूप में होगी।

जिले के इच्छुक, ऐसे समस्त आवेदक, जो उपरोक्त पदों हेतु योग्यता रखते हैं, वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज की फोटो के साथ 27 फरवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे से 04:00 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गंगापुर, अम्बिकापुर में आयोजित प्लेसमेंट कैंम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# एक आरोपी समेत डेढ़ करोड़ की विदेशी शराब जब्त

- संवाददाता -
जशपुर,24 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिला पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की विदेशी शराब जब्त की है। यह शराब पंजाब से बिहार जा रही एक ट्रक में मिली थी। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। बता दें कि जशपुर पुलिस ने दुलदुला थाना क्षेत्र में एक ट्रक को रोककर जांच की, जिसमें 700 पेटी विदेशी शराब बरामद हुई।

यह शराब पंजाब से बिहार ले जाई जा रही थी। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया और माल के मालिक का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। यह कार्रवाई जशपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे



ऑपरेशन आघात का हिस्सा है। इस ऑपरेशन के तहत जिले भर में नशे के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है।

जशपुर पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अब तक कई बड़ी कार्रवाइयां की जा चुकी हैं।

# जिले के 91006 किसानों को मिला प्रधानमंत्री सम्मान किसान निधि की राशि

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री सम्मान किसान निधि के तहत किसानों को सोमवार को तीसरी किस्त जारी किया गया। सरगुजा जिले के 91006 किसानों को फायदा मिला। दरअसल अंबिकापुर के कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर संभाग भर के किसानों को बुलाया गया था। सरगुजा जिले के अलग-अलग क्षेत्र के किसान कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर के किसानों को ऑनलाइन संबोधित किया और किसान निधि के रूप में किसानों के खाते में रुपए डाले गए। इस दौरान किसानों ने कहा कि साल भर में प्रधानमंत्री द्वारा किसानों को 6000 तीन किस्त में दिया जाता है। जिससे किसानों को खाद्य और बीज खरीदने में सहूलियत मिलती है। कार्यक्रम में शामिल सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज कहा कि प्रधानमंत्री सम्मान किसान निधि की तीसरी किस्त जारी की गई है और इससे किसानों को काफी फायदा मिलेगा।



# आशा महेश साहू अपने शिक्षक पति के प्रचार से दूसरी बार जनपद चुनाव जीती

## हाईप्रोफाइल सीट में आशा महेश साहू को टक्कर देने वाले बिपिन जायसवाल 53 वोट से हारे,वर्तमान विधायक की शक्तियों से क्या आशा महेश साहू को मिली जीत ?



राजू साहू को जीताकर योगेश शुक्ला ने अपनी बादशाहत कायम रखी

### सत्यम साहू,रमेश राजवाड़े ऐसे युवा नेतृत्व उभरते हुए भाजपा के थे जिनका चुनाव हारना कहीं न कहीं उनके राजनीतिक भविष्य के लिए घातक हो गया

जनपद पंचायत सदस्यों के चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन बेहतर नहीं माना जाएगा कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड में। अधिकांश जनपद सदस्य प्रत्याशी चुनाव हार गए वह भी ऐसे चेहरे चुनाव हार गए जो युवा नेतृत्व माने जाते थे जिनका भविष्य उज्ज्वल माना जा रहा था कोरिया जिला भाजपा में। सत्यम साहू, रमेश राजवाड़े ऐसे युवा नेतृत्व उभरते हुए भाजपा के थे जिनका चुनाव हारना कहीं न कहीं उनके राजनीतिक भविष्य के लिए घातक हो गया। प्रतिष्ठापूर्ण मानी जा रही रनई डुमरिया तेंदुआ की जनपद सीट से भाजपा ने सत्यम साहू को समर्थन दिया था वहीं बैकुंठपुर की खरवत क्षेत्र की एक जनपद सीट से युवा नेता रमेश राजवाड़े को मौका मिला था। रमेश राजवाड़े के खिलाफ तो पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के पुत्र ने ही बगावत करके चुनाव लड़ने का मन बना लिया था और वह लड़े भी वहीं सत्यम साहू की बात करें तो वह अपने गृह ग्राम से ही चुनाव हार गए और वहीं की हार को वह दो अन्य ग्राम से जीत में नहीं तब्दील कर पाए।

### राजू साहू को जीताकर योगेश शुक्ला ने अपनी बादशाहत कायम रखी

सत्यम साहू की हार रनई जमींदार योगेश शुक्ला की जीत मानी जा रही है क्योंकि यह उनकी प्रतिष्ठा से जुड़ा मामला था चुनाव था जहां उनका ही एक सहायक चुनाव कांग्रेस समर्थन से लड़ रहा था। योगेश शुक्ला ने एक तरह से रनई ग्राम से जुड़ने वाली जनपद सीट से अपना प्रत्यासी जिताकर यह साबित कर दिया कि जिस जनपद सीट से रनई जुड़ेगा वहां से उनका ही आदमी चुनाव जीतेगा। राजू साहू की जीत योगेश शुक्ला की बादशाहत कायम रखने वाली जीत है। योगेश शुक्ला ने जहां अपनी बादशाहत कायम रख ली वहीं सत्यम साहू जैसे युवा भाजपा नेता के राजनीतिक भविष्य पर एक प्रश्न चिन्ह लगता नजर आ रहा है। सत्यम साहू का एक छोटे चुनाव में अपने ही ग्राम से बड़े अंतर से पिछड़ जाना उनके लिए शुभ उनके राजनीतिक भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। वैसे राजू साहू की जीत का जश्न रनई में आतिशबाजी के साथ मनाया गया और कम से कम योगेश शुक्ला के लिए यह जीत कई हार के सामने भी बड़ी जीत रही हार का गम भुलाने वाली रही यह देखने को मिला। जनपद सदस्य वाली सीटों में बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली कई प्रतिष्ठापूर्ण सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी हार गए। छिंदिया क्षेत्र, खरवत क्षेत्र , कटकोना क्षेत्र,इसमें शामिल हैं।









### आशा महेश साहू के पति को मिला था इस चुनाव में अभय वरदान,जो चाहे कर लो वाली मिली थी छूट

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,24 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले में जिले से लेकर जनपद पंचायत का चुनाव काफी रोमांचक था, कोरिया जिले के जिला पंचायत के 10 सीटों पर जहां प्रत्याशियों का आमना सामना रोमांच से भरा रहा तो वही जनपद पंचायत के भी 25 सीटों पर चुनाव काफी दिलचस्प रहा, कई सीट हाई प्रोफाइल रही कई दिग्गजों को हारना पड़ा। बचरा पोड़ी से जहां जनपद उपाध्यक्ष के दावेदार माने जा रहे अशोक जायसवाल हारे तो वहीं पटना क्षेत्र के जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 जो काफी हाई प्रोफाइलथी यहां पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी तो मैदान में थे ही पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी कोई नहीं था निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली ना भाजपा समर्थित प्रत्याशी न कांग्रेस समर्थित के बीच टक्कर हुई टक्कर तो दो निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच हुआ, जहां पर दो पूर्व जनपद उपाध्यक्ष आमने-सामने थे जिनके बीच काफी कांटे की टक्कर थी, आशा महेश साहू ने अंतत चुनाव जीत लिया वहीं बिपिन जायसवाल को दूसरी बार हराकर जनपद सदस्य बनी, दोनों बार विपिन जायसवाल के ही साथ आशा महेश साहू की टक्कर थी, इस बार 53 वोट से ही आशा महेश साहू ने जीत दर्ज की, पर यह जीत भी कहीं ना कहीं सत्तापक्ष के विधायक की मेहरबानी से मिली है ऐसा सूत्रों का कहना है क्योंकि आचार संहिता के उल्लंघन से लेकर तमाम तरीकों की शिकायतों के बाद भी आशा महेश साहू के पति पर अंकुश नहीं लगाया गया, उनके पति कि यह जीत मानी जा रही है क्योंकि उन्होंने पूरे चुनाव की कैंपेनिंग खुद की थी और खुद प्रचार कर रहे थे उन्हें इस बात का भी भय नहीं था कि वह एक शासकीय शिक्षक है। चुनाव से ड्यूटी भी उन्होंने कटवा लिया था ताकि अपनी पत्नी के लिए खुलकर प्रचार कर सकें।

# रात के 12 बजे रोका गया बाल विवाह बारात को लौटना पड़ा खाली हाथ

-संवाददाता-
सूरजपुर,24 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।



कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के दिशा निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला सूरजपुर को बाल विवाह मुक्त बनाने की ओर कठोरता के साथ लगा हुआ है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन मे संयुक्त टीम हर परिस्थिति में काम कर रही है।

ग्रामीण भी विभाग की परीक्षा लेने में कोई कोर कसर नही छोड रहे हैं वर्तमान मामले में रात्रि 9 बजे एक ग्रामीण द्वारा सूचना दी गई की भटगांव थाना अन्तर्गत एक गांव में एक नाबालिग लड़की का विवाह हो रहा है साथ ही उसी मंडप में छोटी बहन का भी विवाह करने की तैयारी की जा रही है जो 8 वीं कक्षा में पढ रही है जानकारी प्राप्त होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को इसकी जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू द्वारा संयुक्त टीम बना कर तत्काल विवाह रोकने का निर्देश प्राप्त हुआ। जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल के नेतृत्व में संयुक्त टीम 11 बजे मौके पर पहुंची। शैक्षणिक दस्तावेज मांगने पर बताया गया कि बालिका नही पढी है। फिर बताया गया कि सभी दस्तावेज को दीमक चट कर गया है। रात्रि में बीईओ भैयाथान से बात कर प्राथमिक शाला के शिक्षक को स्कूल खुलवा कर दस्तावेज मांगने पर पता चला कि दोनो लडकीयाँ उसी स्कूल में पढी है एक 16 वर्ष की है तो दूसरी 15 वर्ष भी नही है छोटी लडकी को बुलाने को बोलने पर बताये की वह घर पर नही है टीम द्वारा समझाईस देने पर लडकी को प्रस्तुत किया गया। दोनो से अलग-अलग पूछ ताछ में दोनो लड़कियां एक ही लडके के साथ विवाह की बात करने लगे। टीम को बरगलाने की कोशिश के दौरान उनके हाथ में मेंहदी लगा पाया गया जिसमें लडके का नाम था दोनो के हाथ देखने पर अलग अलग लडको के नाम थे तब जाकर उन्होने दोनो के विवाह करने को स्वीकार किया । सभी शराब के नशे में थे। लडकीयों को छोडने पर बाल विवाह की सम्भावना पुरी थी। दूल्हे और बारातीयों को बुलाने पर दुल्हे समेत सभी बाराती गाडी, डीजे लेकर भाग खड़े हुए। घर वाले लडकियों के विवाह को आमादा थे। तब लडकीयों को सखी ले जाने का पंचनामा तैयार किया गया। लडकीयों जाने को तैयार नही थी। थाने में रिर्पोट करने और सभी पर कार्यवाही हो जाने की बात पर वे टीम के साथ आये महिला कर्मचारीयों के द्वारा बच्चियों को सुरक्षित सखी वन स्टाप सेन्टर में रखा गया। मामले में संयुक्त टीम को काफी जद्दोजहद का सामना करना पडा मुश्किल से उक्त बाल विवाह को देर रात्री 2 बजे रोका जा सका। वही दूसरे दिन सूचना प्राप्त हुई की रामानुजनगर थाना अंतर्गत एवं ओडगी विकासखण्ड के एक गाम में नाबालिक का विवाह होने जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर दोनो जगह संयुक्त टीम रवाना हुई। रामानुजनगर गई टीम ने गांव मे जाकर समझाइश दी और बाल विवाह रोकवाया,वहीं दुरस्त ओडगी के ग्राम में भी एक 17 वर्षीय लडकी का बाल विवाह समझाईस देकर रोका गया। बाल विवाह रोकवाने वालो में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल,परियोजना अधिकारी श्री जागेश्वर साहू, संरपंच सरईपारा श्री विजय सिंह, जिला बाल संरक्षण ईकाई से अखिलेश सिंह प्रियंका सिंह, जैनेन्द्र दुबे, श्रीमती अंजनी साहू, सखी वन स्टॉप सेन्टर से श्रीमती साबरीन फातिमा, चाईल्ड लाईन से कार्तिक मजूमदार, कुमारी शीतल सिंह, प्रकाश राजवाडे, दिनेश यादव, रमेश साहू, पवन धीवर, पर्यवेक्षक भैयाथान तन्द्रा चौधरी, पर्यवेक्षक रामानुजनगर श्रीमती भारती पटेल, श्रीमती मांनकुवर, देवकली ओडगी पर्यवेक्षक श्रीमती ज्योति, श्रीमती अन्नु ठाकुर, सत्यवती थाना प्रभारी ओडगी फर्दीनन्द कुजुर, प्रधान आरक्षक दीपक सिंह आरक्षक अमरेन्द्र दुबे महिला आरक्षक जान कुंवर सिंह, आरक्षक कौशलन्द्र सिंह, रोहित राजवाडे, आ0बा0 कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# लकड़ी तस्करी बंद करने की मांग को लेकर शिवसेना ने दिया ज्ञापन

### लकड़ी तस्करी में लगे अन्य राज्यों के वाहनों की जांच हो:विष्णु वैष्णव

-संवाददाता-
सूरजपुर,24 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।



लकड़ी तस्करी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर शिवसेना(उद्धव गुट )के जिला प्रमुख विष्णु वैष्णव के नेतृत्व में पदाधिकारीयों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन दिया साथ में आवेदन की प्रतिलिपि वन मंडलाधिकारी,एसडीएम, व जिला परिवहन अधिकारी अधिकारी को दी गई। शिवसेना के जिला प्रमुख ने बताया कि सूरजपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण को गंभीर संकट उत्पन्न हो रहा है। छत्तीसगढ़ के बाहर से आकर वनतस्कर यूकेलिप्टस पेड़ो की कटाई की आड़ में हरे-भरे वृक्षों व अन्य कीमती वर्गो के पेड़ो को बिना स्थानीय प्रशासन के अनुमती के काटकर गोदामों में एकत्रित कर अन्य प्रदेशों में परिवहन के माध्यम से तस्करी कर ले जा रहे है जिससे सरगुजा संभाग के पर्यावरण को क्षति पहुंच रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि इन तस्करों के द्वारा जिन वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है उन वाहनों की स्थिति भी बेहद खराब है जिसके चलते हमेशा दुर्घटना का आसार बना हुआ रहता है।

इन पेड़ों को काटने की अनुमती से लेकर इनके द्वारा प्रयोग किये जा रहे वाहनों के इंश्योरेंस फिटनेश,प्रदुषण की जांच होनी चाहिए तथा इस बात की भी पुष्टी कि जाय कि तस्करों द्वारा जो वाहन इस्तेमाल में लिया जा रहा है वो कमर्शियल है या एग्रीकलचर है।

शिवसेना ने अपने ज्ञापन में कहा कि इस मामले में जांच कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए अन्यथा पर्यावरण के संरक्षण के लिये शिवसेना सडकों पर उतरकर आन्दोलन करने व वनतस्करों के खिलाफ सीधे संघर्ष में उतरने के लिए बाध्य होगी।

# नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बैठक किया गया आयोजित

-संवाददाता-
सूरजपुर,24 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।



नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा द्वारा कार्यालयीन समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य समयसीमा के भीतर सम्पन्न करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान परीक्षा, क्रीड़ा, रेडक्रॉस, बजट, पेंशन, इको क्लब, निर्माण, शाला जतन योजना, सरस्वती निःशुल्क सायकल योजना, छात्रवृत्ति, शिक्षा का अधिकार निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं सूचना का अधिकार से सम्बंधित समस्त बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी लेते हुए अपूर्ण कार्यों का निराकरण तत्काल करते हुए शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती लता बेक सहायक संचालक (योजना), श्री शरदेन्दु कुमार शुक्ल सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, श्रीमती आमा तिर्की एम.आई.एस. प्रशासक, श्री आरएन, पटेल, श्री त्रिपुरारी सिंह, श्री मुकेश सिन्हा,श्री आशीष सहाय,श्री योगेन्द्र यादव, श्री अमित पड़वार समेत समस्त कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित थे।

# तीसरे चरण में जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार, कांसाबेल और पत्थलगांव में कुल 80.18 प्रतिशत हुआ मतदान

## सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणामों की घोषणा 25 फरवरी को

-संवाददाता-
जशपुरनगर,24 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।




त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत तीसरे चरण में 23 फरवरी को जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार,कांसाबेल और पत्थलगांव में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। तीनों जनपद पंचायत क्षेत्र में कुल 80.18 प्रतिशत मतदान हुआ। जिनमें जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार में 76.27 प्रतिशत, जनपद पंचायत क्षेत्र कांसाबेल में 77.77 प्रतिशत और पत्थलगांव जनपद पंचायत क्षेत्र में 84.03 प्रतिशत मतदान हुआ। तीनों जनपद पंचायत क्षेत्रों में 581 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

तीनों जनपद पंचायत क्षेत्र में हुए हुए चुनाव के बाद पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य के मामले में सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा खंड स्तर पर 25 फरवरी मंगलवार को की जाएगी। इसी तरह जिला पंचायत सदस्य के मामले में सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा जिला मुख्यालय में 25 फरवरी मंगलवार होगी।

तीसरे एवं अंतिम चरण में तीनों जनपद पंचायत क्षेत्रों में 182 सरपंच पदों, पंच के 2787 पदों, जनपद पंचायत सदस्य के 62 पदों एवं जिला पंचायत सदस्य के 6 पदों हेतु मतदान किया गया था।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर 24 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं शैक्षणिक संस्थान समिति, ब्लाक-डी. भूतल, इन्द्रावती भवन अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा जिला अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 02 मार्च दिन रविवार को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक (02 घण्टे) किया जाना है। परीक्षा हेतु जिले में 12 परीक्षा केन्द्र क्रमशः शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर, शासकीय नवीन महाविद्यालय ओड़गी, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ओड़गी, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रेमनगर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुर (आजाक),शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुर (शिक्षा), स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय प्रतापपुर, अचीवर्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल प्रतापपुर, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रतापपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर को बनाये गया है। सूरजपुर जिला अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हेतु निर्धारित समस्त 12 परीक्षा केन्द्रों के ऐसे सभी पात्र छात्र/छात्राऐं जिन्होने ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था, अपना प्रवेश पत्र विभाग के साईट https://eklavya.cg.nic.in में जाकर अपना आवेदन क्रमांक एवं पिता का मोबाईल नंबर अंकित कर प्राप्त कर सकेंगे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै श्रीमती नीतू मरावी पत्नी भोले सिंह मरावी आयु 31 वर्ष निवासी ग्राम अमलभिठ्ठी थाना दरिमा तहसील लखनपुर जिला सरगुजा छ0ग0 के शैक्षणिक प्रमाण, पत्र में नाम नीतू मरकाम आत्मज आर0एस0मरकाम निवासी नया सरकंण्डा,अशोक नगर बिलासपुर, तह0 बिलासपुर जिला बिलासपुर,छ0ग0 जो शादी के पूर्व में लिखती व पढ़ती थी। शादी के बाद अपना नाम बदलकर श्रीमती नीतू मरावी पत्नी भोले सिंह मरावी निवासी ग्राम अमलभिठ्ठी थाना दरिमा तह0 लखनपुर जिला सरगुजा,छ0ग0, रख ली थी साथ ही समस्त दस्तावेज में लिखती एवं पढ़ती हैं। जिसे अब लिखा व पढ़ा जाना न्यायोचित होगा। अतः नाम/सरनेम के संबंध में स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

श्रीमती नीतू मरावी
निवासी ग्राम अमलभिठ्ठी, थाना
दरिमा तहसील लखनपुर,
सरगुजा,छ0ग0

**NAME CHANGE**

RAJNISH KUMAR SWORNKAR, S/O LATE MR. RAMCHANDRA SWORNKAR, RESIDENT OF PANCHWATI , MAHAMAYA ROAD, AMBIKAPUR,SURGUJA (C.G.) HEREBY DECLARE THAT HAVE CHANGED MY NAME FROM RAJNISH KUMAR SWORNKAR S/O LATE MR. RAMCHANDRA SWORNKAR TO RAJNISH SWORNKAR S/O LATE MR. RAMCHANDRA SWORNKAR IN ALL THE GOVERMENT APP-PROVED IDENTITY PROOFS TO BE USED FOR VARIOUS PORPOSES IN FUTURE.

RAJNISH SWORNKAR
PANCHWATI , MAHAMAYA
ROAD, AMBIKAPUR,
SURGUJA (C.G.)

# कोरिया जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस की डूबी लुटिया...

# षड्यंत्रकारी कामयाब,भाजपा को मिला फायदा

### जिला पंचायत चुनाव कोरिया में भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीते 5 गोगपा समर्थित 2 बगैर समर्थन 2 कांग्रेस समर्थित 1

### पूर्व विधायक कांग्रेस की प्रतिनिधि की पत्नी सहित पूर्व विधायक की पसंद के दोनों प्रत्याशी हारे

### पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी को भी कड़ी टक्कर में मिली हार

### वेदांती तिवारी जिला पंचायत चुनाव हारने के बाद क्या विधायक की दौड़ से हुए बाहर?

### वेदांती तिवारी जिला पंचायत चुनाव हारने के बाद क्या राजनीति से लेंगे सन्यास?

## वेदांती तिवारी को भाजपा समर्थित ने नहीं कांग्रेसियों ने हराया,क्षेत्र में है चर्चा, जिला से जनपद तक भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराया

## भाजपा समर्थित प्रत्याशियों में से 5 को मिली जीत 5 को करना पड़ा हार का सामना,दो को तो निर्दलीयों से हारना पड़ा...


वन्दना राजवाड़े


सौभाग्यवती सिंह


संगीता सोनवानी


राजेश साहू


गीता राजवाड़े


मोहित पैकरा


शिवकुमारी


सुरेंद्र सिंह


सुषमा कोराम


स्नेहलता उदय

### क्षेत्र क्रमांक 4 व 6 में ही कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी को दी कड़ी टक्कर

पूरे चुनाव के दौरान दो ही जिला पंचायत क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी बैकुंठपुर अंतर्गत भाजपा प्रत्याशियों को टक्कर दे सके, जिनमें से एक 4 नम्बर का क्षेत्र एक 6 नम्बर का क्षेत्र। क्षेत्र क्रमांक 4 के कांग्रेस प्रत्याशी जहां मात्र 23 वोट से हारे तो वहीं क्षेत्र क्रमांक 6 कांग्रेस समर्थक प्रत्याशी 230 वोट से हारे। यहां पर इतनी कड़ी टक्कर थी कि कोई भी अंतत यह नहीं बोल पा रहा था कि कौन सा प्रत्याशी जीतेगा लास्ट गणना में ही हार व जित तय हो पाई। इन दोनों प्रत्याशियों के लिए भले ही परिणाम मायूसी वाले हैं पर इन्होंने जिस प्रकार से चुनाव लड़ा और कांग्रेस के मान सम्मान की लड़ाई लड़ी उसे देखकर यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आगे भी कांग्रेस को इन नेताओं की जरूरत पड़ेगी क्योंकि इनके बिना विधानसभा में जितना भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगा। कुल मिलाकर बैकुंठपुर अंतर्गत कांग्रेस के दो ही जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्यासी दमदार थे जिन्होंने भाजपा प्रत्याशियों को टक्कर दी अंत तक उन्हें जीतने से रोके रखा।

### क्षेत्र क्रमांक 4 में जहां भाजपा के बागी प्रत्याशी ने जीत दर्ज की तो वहीं क्षेत्र क्रमांक 3 में कांग्रेस के बागी प्रत्याशी ने जीत दर्ज की

क्षेत्र क्रमांक 4 में भाजपा से बगावत कर लड़ रहे प्रत्याशी ने जीत दर्ज की वहीं क्षेत्र क्रमांक 3 में कांग्रेस के बागी प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। दोनों जगहों पर हार भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों की हुई। जिला पंचायत के चुनाव में यह बड़ा उलटफेर माना गया है। बागियों ने राष्ट्रीय दलों को हराया है। अब इन्हें पार्टी वापस पार्टी में शामिल करती है कि नहीं यह देखने वाली बात होगी। भाजपा ने तो अपने बागी प्रत्याशी को केवल कारण बताओ नोटिस जारी किया है लेकिन कांग्रेस ने तो अपने बागी क्रमांक 3 से जिला पंचायत सदस्य चुनकर आई संगीता सोनवानी को चुनाव आयोग तक से कार्यवाही का डर दिखाया था।

### जिस तरह से कांग्रेस ने नगरीय निकाय, जिला पंचायत व जनपद का चुनाव लड़ा और हारे, ठीक वैसे ही विधानसभा चुनाव में भी हार के लिए हो जाए तैयार

जिस तर्ज पर कांग्रेस ने नगरीय निकाय,जिला पंचायत और जनपद पंचायत का चुनाव लड़ा यह तय है कि कांग्रेस अब जितने के लिए लड़ना छोड़ चुकी है आपस में वह एकदूसरे को निपटाने के लिए चुनाव लड़ने लगी है। यदि यही हाल रहा तो कांग्रेस विधानसभा चुनाव में भी आगामी हारने के लिए ही लड़ने वाली है क्योंकि आपस में एक दूसरे को निपटाने के लिए कांग्रेस की राजनीति इसबार खुलकर देखी गई।

### विधायक के दावेदार को हराने के चक्कर में कांग्रेस पूर्व विधायक के प्रतिनिधि के पत्नी को भी नहीं जीत पाई...वर्तमान विधायक की बेटी ने हराया

विधायक दावेदार को जिला पंचायत चुनाव हारने में कांग्रेसी इतने मशगूल हो गए की पूर्व विधायक प्रतिनिधि की पत्नी को जीतने में उनकी कोई भी रुचि नहीं दिखी, जिस वजह से पूर्व विधायक के प्रतिनिधि की पत्नी को वर्तमान विधायक की बेटी ने हरा दिया और अपने पिता का नाम रोशन किया और बता दिया कि अपने पिता की तरह ही वह भी जन सेवा करना चाहती हैं और आगे भी अपने पिता की तरह ही वह काम करेंगी, ऐसा वह अपने चुनाव प्रचार के दौरान भी आमसभा में कह चुकीं हैं अब देखना यह है कि उनकी बेटी भी अपने पिता के समान लोगों के बीच अपना विश्वास बना पातीं हैं या फिर विश्वास खों बैठेंगी?

### ये रहे जीतने वाले उमीदवार

| जिला पंचायत क्षेत्र क्र. | प्रत्यासी | राजनितिक दल |
|---|---|---|
| क्षेत्र क्र. 01 | वन्दना राजवाड़े | भाजपा |
| क्षेत्र क्र. 02 | सौभाग्यवती सिंह | भाजपा |
| क्षेत्र क्र. 03 | संगीता सोनवानी | निर्दलीय |
| क्षेत्र क्र. 04 | राजेश साहू | निर्दलीय |
| क्षेत्र क्र. 05 | गीता राजवाड़े | भाजपा |
| क्षेत्र क्र. 06 | मोहित पैकरा | भाजपा |
| क्षेत्र क्र. 07 | शिवकुमारी | भाजपा सोनहत |
| क्षेत्र क्र. 08 | सुरेंद्र सिंह | कांग्रेस सोनहत |
| क्षेत्र क्र. 09 | सुषमा कोराम | गोगपा |
| क्षेत्र क्र. 10 | स्नेहलता उदय | गोंगपा |

### यह रहा जीत का अंतर

भाजपा की वंदना राजवाडे लगभग 5200, भाजपा की सौभग्यवती सिंह लगभग 1600, निर्दलीय संगीता सोनवानी लगभग 220 मत, निर्दलीय राजेश साहू लगभग 21 मत, भाजपा की गीता राजवाडे लगभग 1400, भाजपा के मोहित पैकरा लगभग 230 मत से विजयी रहे। कांग्रेस के वेदान्ती तिवारी एकदम आखिरी में आमापारा व मोदीपारा से पिछड़ने की वजह से 232 मतों से हारे। कांग्रेस के ही बिहारी लाल राजवाडे तेंदुआ की अवरापारा पोलिंग से लगभग 190 मतों से पीछे रहने के कारण हार गए।




-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर,24 फरवरी 2025 (घटती-घटना)। पूरे छत्तीसगढ़ में हो रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में यदि सबसे अधिक रोमांच कहीं था तो कोरिया जिले में ही देखने को मिला,इस चुनाव में अच्छे-अच्छे दिग्गज हारे तो वहीं कई प्रकार के मिथ्या भी टूटी, भाजपा समर्थित जिला पंचायत प्रत्याशी 10 में से तीन ही भाजपा जिलाध्यक्ष जीत पाए दो बेटी व बहू वर्तमान विधायक ने जिताया,त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कोरिया जिले की बात की जाए तो यहां नए भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा ने अपनी जीत का परचम लहरा दिया है और यह तय नजर आ रहा है कि भाजपा जिला पंचायत में अपनी सरकार बना ले जाएगी। जिला पंचायत के 10 क्षेत्रों के सदस्यों के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 5 अपने सदस्यों को जीत दिलाने में सफलता प्राप्त की है वहीं यदि बहुमत के आंकड़े की बात की जाए तो बहुमत के 6 के आंकड़े को भी भाजपा प्राप्त कर लेगी, क्योंकि एक क्षेत्र से जीतकर आया जिला पंचायत सदस्य भाजपा का ही बागी सदस्य है, जिसे पार्टी ने बागी होने पर पार्टी से बाहर नहीं निकाला है और वह भाजपा के ही साथ जायेगा और कहीं के कहीं विधायक और विधायक प्रतिनिधि की सहमति से वह चुनाव मैदान में था, इस तरह भाजपा बहुमत के 6 के आंकड़े को प्राप्त कर चुकी है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिले में सबसे बुरी स्थिति कांग्रेस की रही जहां केवल 1 सीट ही कांग्रेस जीत सकी शेष अन्य 3 में से 2 में गोगपा समर्थित प्रत्याशियों की जीत हुई और 1 में बिना किसी समर्थन के चुनाव लड़ रही एक प्रत्याशी की। वैसे क्षेत्र क्रमांक 3 से जीतकर आई प्रत्याशी को कुछ कांग्रेस नेताओं का समर्थन प्राप्त था लेकिन उसके विरुद्ध जिलाध्यक्ष कांग्रेस के द्वारा की गई शिकायत उसे शायद ही कांग्रेस की तरफ रुख करने के लिए प्रेरित करे या उत्साहित करे।

### कांग्रेस ने यह चुनाव जीतने के लिए नहीं बल्कि कांग्रेस नेताओं ने एक दूसरे को निपटाने के लिए लड़ा था?

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान कांग्रेस का अंतर्कलह खुलकर सामने आया जहां जिला पंचायत उपाध्यक्ष को हराने खुलकर पूर्व विधायक गुट सक्रिय रहा वहीं दूसरे को हराने के चक्कर में ही पूर्व विधायक अपने ही दो खास लोगों को चुनाव नहीं जीता पाई, जिससे पार्टी को भी नुकसान हुआ जिसमें उनके खास सिपहसलार सहित पूर्व प्रतिनिधि की उनके पत्नी शामिल हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस ने यह चुनाव जीतने के लिए नहीं बल्कि कांग्रेस नेताओं ने एक दूसरे को निपटाने के लिए लड़ा था और वह अपने अभियान में निपटाने वाले सफल रहे।

### नए जिलाध्यक्ष भाजपा की अब बल्ले बल्ले है...

भाजपा के लिए यह सुखद अनुभवों वाला चुनाव रहा नए जिलाध्यक्ष भाजपा की अब बल्ले बल्ले है, क्योंकि जीत का सेहरा उन्हीं के सिर बंधना है और बंधना भी चाहिए क्योंकि उन्होंने दिनरात एक करके पहले नगरीय निकाय की एक निकाय पर परचम लहराया फिर मेहनत कर उन्होंने जिला पंचायत में भी अपना बेहतर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष भाजपा के नेतृत्व में नगरीय निकाय सहित जिला पंचायत का चुनाव भाजपा अच्छी तरह से जीत सकी यह कहना गलत नहीं होगा। वैसे इस चुनाव में भाजपा विधायक ने भी काफी मेहनत की और उन्होंने अपना भी जनाधार साबित किया और अपनी पुत्री सहित उन्होंने बहु को अलग अलग जिला पंचायत क्षेत्रों से जीत दिलाने में सफलता प्राप्त की। भाजपा विधायक की बहु सहित पुत्री में से अब जिला पंचायत उपाध्यक्ष कौन होगा यह देखने वाली बात होगी और यह उनके परिवार का आंतरिक मामला माना जा रहा है।

### 5 भाजपा समर्थित,2 गोगपा समर्थित,2 बिना किसी समर्थन और 1 कांग्रेस समर्थित जीत दर्ज करने वाले सदस्य पहुंचे जिला पंचायत

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम सामने आने उपरांत भाजपा समर्थित 5 गोगपा समर्थित 2 बिना किसी समर्थन वाले 2 वहीं कांग्रेस समर्थन वाले 1 जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए प्रत्याशी जिला पंचायत पहुंच सके हैं। सबसे बुरी स्थिति कांग्रेस की है जो 1 की संख्या के साथ जिला पंचायत पहुंची है। गोगपा का प्रदर्शन बेहतर है जहां वह दो की संख्या के साथ जिला पंचायत में पहुंची है। बिना समर्थन वाले 2 में से 1 को भाजपा का माना जा रहा है वहीं 1 है तो कांग्रेस की लेकिन वह कांग्रेस के साथ जाती हैं कि नहीं यह देखने वाली बात होगी।

### जिला पंचायत में भाजपा की सरकार बननी तय

कोरिया जिला पंचायत में भाजपा की सरकार बननी तय है। पहली बार ऐसा लगता है कि भाजपा अध्यक्ष उपाध्यक्ष दोनों पदों पर अपने लोगों को बैठा ले जाएगी। वैसे भाजपा को एक सदस्य की आवश्यकता होगी जो ऐसे तो है उसके पास एक बिना समर्थन वाला जीतकर आया सदस्य भाजपा का ही पदाधिकारी है लेकिन वह किन शर्तों पर भाजपा को समर्थन देता है यह देखने वाली बात होगी ।

### जिलाध्यक्ष भाजपा के नेतृत्व में जिले में दूसरी बड़ी जीत

जिला पंचायत कोरिया में 5 सदस्यों के साथ भाजपा का पहुंचना भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष की दूसरी बड़ी जीत कही जा सकती है। भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया ने पहले नगरीय निकाय चुनाव में एकमात्र नगरीय क्षेत्र में हुए चुनाव में अध्यक्ष पद सहित 5 पार्षदों को जीत दिलाने में सफलता प्राप्त की वहीं अब जिला पंचायत में भी भाजपा की सरकार बनाने की स्थिति भी जिलाध्यक्ष भाजपा की ही रणनीतियों की जीत मानी जा रही है। जिलाध्यक्ष भाजपा दिनरात एक करके लगे थे और उसका परिणाम सामने है और भाजपा बड़ी जीत दर्ज कर सकी है।

### जिसे कांग्रेस टिकट देने के लिए दौड़ाती रही वही प्रत्याशी बिना कांग्रेस के समर्थन भाजपा समर्थित प्रत्याशी को हराने में सफल हुई

कांग्रेस नेत्री संगीता सोनवानी कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी बनने के लिए वरिष्ठ कांग्रेसियों से लेकर पूर्व विधायक तक चक्कर काटती रही, वरिष्ठ कांग्रेसी तो पार्टी का समर्थन देने के लिए तैयार थे पार्टी समर्थित प्रत्याशी बनाने को तैयार थे, पर यदि कोई पार्टी समर्थित प्रत्याशी बनाने से रोक रहा था तो वह थी कांग्रेस की पूर्व विधायक जिस वजह से उन्हें कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी नहीं बनाया जा सका, अंततः वह वरिष्ठ नेताओं से अनुमति लेकर मैदान में उतर गई और भाजपा समर्थित प्रत्याशी को धूल चटा दिया, संगीता सोनवानी पहली ऐसी कांग्रेसी हैं जिसने बिना कांग्रेस के समर्थन वह चुनाव लड़ीं और भाजपा समर्थित प्रत्याशी को हराया, वही एक सीट पर भाजपा को भाजपा नेता जो निर्दलीय खड़े थे उसने हराया।

### कांग्रेस आगामी विधानसभा में दावेदारी कम करने क्या हरवाई जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के पार्टी समर्थित प्रत्याशी को?

सूत्रों का दावा है कि कांग्रेस जिला पंचायत चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रही थी वह आगामी 2028 के विधानसभा में कांग्रेस से विधायक पद के दावेदार काम करने के लिए लड़ रही थी, इसी वजह से इसबार क्षेत्र क्रमांक 6 से वेदांती तिवारी को कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी बनाया गया था और उन्हें हराने के लिए भी भाजपा समर्थित प्रत्याशी को खूब सहयोग किया गया था, जिसके दम पर अपने ही कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को चुनाव हराकर अगले विधानसभा से दावेदारी से रोक दिया, ऐसा उनका सोचना है पर 2028 में क्या सही में वेदांती तिवारी विधानसभा के दावेदार नहीं होंगे? यह कहना अभी से ही गलत होगा। क्योंकि 2028 का विधानसभा चुनाव वैसे भी कई मायने में अलग ही होने वाला है क्योंकि उस समय विधानसभा का परिसीमन भी होना है कौन सा क्षेत्र कटेगा कौन सा क्षेत्र जुड़ेगा इस पर भी अगला विधानसभा प्रत्याशी तय होगा, कौन से आरक्षण के तहत सीट होगी यह भी तय होना है सामान्य होगा या फिर ओबीसी होगा या एससी एसटी होगा यह कई चीजें तब मायने रखेंगी।

### वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष 2028 विधानसभा के प्रत्याशी होने के लिए अभी से बना रहे रणनीति

भाजपा जिलाध्यक्ष अब खुद को आगामी विधानसभा चुनाव 2028 में प्रत्याशी साबित करने अभी से रणनीति बनाते नजर आ रहे हैं। उनकी सफलता चुनावों को उन्हें इस लायक बनाती भी है। वैसे निर्णय भाजपा का होगा,यह तय है।

CMYK

# अब 02 मार्च न्यूजीलैंड से टकराएगी टीम इंडिया

### » सामने आया सेमीफाइनल का ये शेड्यूल

**दुबई,24 फरवरी 2025।** भारतीय टीम ने बैक टू बैक दो मैच चैंपियंस ट्रॉफी में जीतकर अपनी सेमीफाइनल की सीट पक्की कर ली है। भारत ने तीन दिन के भीतर दो मैच खेले हैं, ऐसे में अब उसे तीसरे मैच से पहले रेस्ट मिलेगा। भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपना तीसरा और आखिरी लीग मैच कब, कहां और किसके खिलाफ खेलेगी, ये तो हम आपको बताएंगे ही, साथ ही ये भी जानकारी देंगे कि भारत का सेमीफाइनल का शेड्यूल क्या है।

### अब 2 मार्च को दुबई में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी भारतीय टीम

रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया अब एक सप्ताह के ब्रेक पर रहेगी। हालांकि टीम दुबई में ही रहेगी और अगले मैच की तैयारी भी जारी रहेगी, लेकिन मैच नहीं होगा। इसलिए इस दौरान खिलाड़ी घूम भी सकते हैं। अब संडे यानी 2 मार्च को भारतीय टीम फिर से मैदान में उतरेगी। तब उसका मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। ये मैच भी दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में ही खेला जाएगा। यही वो मुकाबला होगा, जो सबसे बड़ा होगा। अभी तक भारत ने बांग्लादेश और पाकिस्तान से ही मैच खेला है, जो कहीं भी भारत को टक्कर देती हुई नजर नहीं आई। लेकिन न्यूजीलैंड की टीम हमेशा से आईसीसी टूर्नामेंट में भारत के लिए टेंशन का सबब बनती रही है। लेकिन अच्छी बात ये है कि इस मैच की हार जीत से भारतीय टीम की सेहत पर ज्यादा असर नहीं पड़ना चाहिए। ग्रूप ए से अब करीब करीब पक्का हो गया है कि भारत और न्यूजीलैंड की टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी।



## टीम इंडिया चार मार्च को दुबई में खेलेगी अपना सेमीफाइनल मैच

इस बीच अगर सेमीफाइनल की बात की जाए तो आईसीसी के शेड्यूल के अनुसार पहला सेमीफाइनल दुबई में चार मार्च को खेला जाएगा। वहीं दूसरा सेमीफाइनल 5 मार्च को लाहौर में होगा। भारतीय टीम अपने सारे मैच दुबई में ही खेलेगी। यानी भारत का सेमीफाइनल 4 मार्च को होगा। हालांकि ये बाद में ही पता चलेगा कि भारत के सामने कौन सी टीम होगी। यानी इस तरह से देखें तो भारत और दो और चार मार्च को तीन दिन के भीतर फिर से दो मैच खेलने होंगे। इसके बाद अगर टीम इंडिया फाइनल में जाती है तो वो भी दुबई में ही खेला जाएगा। फाइनल की तारीख 9 मार्च है। यानी यही वो दिन होगा, जब क्रिकेट की दुनिया को चैंपियंस ट्रॉफी का नया विजेता मिल जाएगा। अगर टीम इंडिया फाइनल में नहीं जा पाती है तो फिर ये मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होगा।

## विराट कोहली ने रिकी पोंटिंग का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा



### तीसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**नईदिल्ली,24 फरवरी 2025 ।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग के एक बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। कोहली अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में मिलाकर तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।उन्होंने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। कोहली ने इस मैच में शानदार शतक लगाते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। 18 अगस्त, 2008 को श्रीलंका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले कोहली ने अब तक टेस्ट मैचों में 9,230 रन और वनडे में 14,085 रन बनाए हैं।

# मोहम्मद हफीज ने विराट कोहली को बताया असली किंग

### बाबर आजम पर दिया अहम बयान

**नईदिल्ली,24 फरवरी 2025 ।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में रविवार को खेले गए अहम मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया।

इस मैच में जहां पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज बाबर आजम 23 रन बनाकर पवेलियन लौट गए, वहीं भारतीय दिग्गज विराट कोहली (100*) ने 51वां शतक जड़कर भारत को आसान जीत दिलाई। मैच के बाद पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद हफीज ने बाबर की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि विराट कोहली क्रिकेट के असली किंग हैं।

हफीज ने मैच के बाद गेम ऑन है शो पर कहा, बाबर आजम असली किंग नहीं हैं। यह विराट कोहली हैं। उनके प्रदर्शन को देखिए। उन्होंने पूरी दुनिया में अपना दबदबा बनाया है। अपनी पीआर मशीनरी से बाहर निकलिए।




हमें एक परफॉर्मर की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा, मुझे बाबर आजम बताइए, पिछले 10 सालों में सबसे बेहतरीन पाकिस्तानी खिलाड़ी कौन है। मुझे भारत के खिलाफ उनका कोई भी एक अच्छा प्रदर्शन तो बता दीजिए।

हफीज ने कहा, हम हमेशा शोएब अख्तर के भारत के खिलाफ प्रदर्शन को क्यों याद करते हैं। भारत-पाकिस्तान मैच में यूनिस खान का नाम बड़ा क्यों होता है। शोएब मलिक ने भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, बाबर, इंजमाम-उल-हक नहीं हैं। इंजी भाई कठिन परिस्थितियों में पाकिस्तान के लिए मैच जीतते थे। बाबर ने आज तक भारत के खिलाफ एक मैच नहीं जीता है। ऑस्ट्रेलिया या इंग्लैंड में उन्होंने कभी भी पाकिस्तान को जीत नहीं दिलाई है।

चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए बाबर (23) और इमाम उल हक (0) के रूप में शुरुआती 2 विकेट जल्दी खो दिए। उसके बाद सऊद शकील (62) और मोहम्मद रिजवान (46) ने शतकीय साझेदारी की।

आखिर में खुशदिल शाह (38) ने टीम को 241 के स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में भारत से रोहित शर्मा (20), शुभमन गिल (46), कोहली (100*) और अय्यर (56) की पारियों की बदौलत 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।



## सीएसके की टीम ने श्रीधरन श्रीराम सौंपी अहम जिम्मेदारी

### आईपीएल 2025 से पहले लिया बड़ा फैसला

चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की सबसे सफल टीमों में से एक है। टीम ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में पांच बार आईपीएल का खिताब जीता है। अब आईपीएल 2025 से पहले ही चेन्नई की टीम ने बड़ा फैसला लेते हुए श्रीधरन श्रीराम को सहायक गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। श्रीराम के पास अपार अनुभव है, जो सीएसके की टीम के काम आ सकता है।

### सीएसके के पास हैं स्टार स्पिनर्स

आईपीएल 2024 के लिए श्रीधरन श्रीराम लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम के सहायक कोच थे। वह दिल्ली कैपिटल्स के भी सहायक कोच रह चुके हैं। अब चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में वह हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग, बैटिंग कोच माइक हसी के साथ काम करने के लिए उत्सुक होंगे। सीएसके की टीम में रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और नूर अहमद जैसे स्पिनर्स शामिल हैं।

### रुतुराज गायकवाड़ हैं सीएसके के कप्तान

आईपीएल2025 में चेन्नई सुपर किंग्स अपना पहला मुकाबला 23 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगी और रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई में उनकी निगाहें खिताब जीतने पर होंगी। आईपीएल 2025 के लिए सीएसके की टीम में राहुल त्रिपाठी, रचिन रवींद्र, डेवोन कॉन्वे, दीपक हुड्डा और मुकेश चौधरी जैसे प्लेयर्स शामिल हैं।

### आईपीएल 2025 के लिए सीएसके की टीमः

रुतुराज गायकवाड़, मथीशा पथिराना, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी, डेवोन कॉन्वे, राहुल त्रिपाठी, रचिन रवींद्र, आर. अश्विन, खलील अहमद, नूर अहमद, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख रशीद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुडा, गुरजापनीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ।

## पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैचों के दौरान आतंकी हमले का खतरा



**नईदिल्ली,24 फरवरी 2025 ।** पाकिस्तान में इस समय खेली जा रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैचों के दौरान आतंकी हमला होने का खतरा मंडराना शुरू हो गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, आतंकवादी संगठन स्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों के दौरान पाकिस्तान में आतंकी हमला करने की योजना बना रहा है। हालांकि, अभी तक आतंकी हमले का कोई विश्वसनीय स्रोत या पुख्ता साजिश सामने नहीं आई है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई है।रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत की खुफिया एजेंसियों को भी अपने विदेशी समकक्षों से इस संबंध में जानकारी मिली है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने तो हमले की सूचना के बाद अलर्ट जारी कर दिया है।



## मैं अभी अच्छी लय में हूं, जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी अच्छी गेंदबाजी करूंगा कुलदीप

**दुबई,24 फरवरी 2025।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव को लगता है कि चोट से वापसी करने के बाद उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली है और उन्हें उम्मीद है कि मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में वह हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कुलदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ डेथ ओवरों में तीन विकेट लिए और वह एक समय हैट्रिक लेने की स्थिति में भी थे। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी, जिसके कारण वह तीन महीने से अधिक समय तक खेल से दूर रहे थे। कुलदीप ने यहां पत्रकारों से कहा, ''चोटों को ठीक होने में छह महीने लगते हैं। मैंने इंग्लैंड के खिलाफ दो मैच खेले। उनमें मेरी लय अच्छी थी। '' कुलदीप चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में विकेट हासिल नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, ''लेकिन स्वाभाविक है कि आप हमेशा विकेट हासिल करने की तलाश में रहते हैं। आज जब मैंने अपना पहला ओवर डाला, तो मुझे लगा कि मैं बेहतर लय में हूं। मैं आरामदायक स्थिति में हूं।'' कुलदीप ने कहा, ''मुझे लगता है कि मैं इससे भी बेहतर गेंदबाजी कर सकता हूं। मैंने चोट से वापसी करने के बाद अभी तक तीन-चार मैच खेले हैं। मैं जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी ही अच्छी गेंदबाजी करूंगा।''

## पाकिस्तान की हार पर भड़के वसीम अकरम

### जमकर सुनाई खरी-खोटी

**मुलतान,,24 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के खिलाफ मुकाबले में मिली हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम काफी गुस्से में हैं। उन्होंने अपनी टीम में कई बड़े बदलाव करने की सलाह दी है। उनका कहना है कि ऐसा करने से आप अगले 6 महीने तक हारते रहेंगे। लेकिन आपको अभी से ही टी20 वर्ल्ड कप 2026 की तैयारी करनी होगी। इसके अलावा उन्होंने पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों को भी जमकर लताड़ा है। वसीम अकरम के अनुसार पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों को वनडे क्रिकेट खेलने वाली 14 टीमों में दूसरा सबसे खराब है।

# थलपति विजय का होगा धमाका

### 8 साल बाद ओटीटी पर दस्तक दे रही है एटली की ब्लॉकबस्टर ये एक्शन फिल्म

ब्लॉकबस्टर फिल्म मर्सल एक तमिल एक्शन थ्रिलर है जो 2017 में बड़े पर्दे पर आई थी। एटली द्वारा निर्देशित, यह फिल्म थलपति विजय की उन शानदार एक्शन फिल्म में से एक है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की है। साउथ सुपर्साट की बदौलत यह फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट बन गई। अब मर्सल 28 मार्च को तमिलनाडु के सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होने वाली है। इसलिए मेकर्स इस फिल्म को फिर से हाई क्वालिटी में रिलीज कर रहे हैं। अब जो लोग घर बैठे इस फिल्म को देखना चाहते हैं। वह इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। साल 2017 में आई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। 120 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुई इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 257 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया था।



### मर्सल कहां देखें

थलपति विजय की ब्लॉकबस्टर एक्शन फिल्म मर्सल अब जियो हॉटस्टार, नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो सहित कई ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं, जिसे स्ट्रीम कर दिया गया है। दर्शक इनमें से किसी भी प्लेटफॉर्म पर यह फिल्म ऑनलाइन देख सकते हैं। आपको ये फिल्म देखने के लिए अब सिनेमाघरों में पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है।

### क्या है मर्सल की कहानी ?

चेन्नई में मेडिकल स्टाफ से जुड़े अपहरण से होती है। पुलिस डॉ. मारन को गिरफ्तार कर लेती है, यह मानते हुए कि वह इसके लिए जिम्मेदार है। पूछताछ के दौरान, वह बताता है कि मेडिकल लापरवाही के कारण एक छोटी लड़की की मौत हो गई। हालांकि, जब सच सामने आता है तो सभी चौंक जाते हैं। मर्सल की कहानी में मारन वास्तव में वेट्री होता है। वहीं फिल्म एक जादूगर को भी दिखाया जाता है जो इस मामले से जुड़ा होता है।

### मर्सल के कलाकार

एटली द्वारा निर्देशित मर्सल का स्क्रीन प्ले वी. विजयेंद्र प्रसाद और एस. रमना गिरिवासन ने लिखा है। यह फिल्म अपूर्व सागोधरगल से प्रेरित है और इसका निर्माण एन. रामासामी, हेमा रुक्मणी और एन. मुरली ने किया है। इसमें विजय लीड रोल में हैं। साथ ही एस. जे. सूर्या, काजल अग्रवाल, सामंथा रूथ प्रभु और नित्या मेनन भी हैं। सिनेमैटोग्राफी जी. के. विष्णु ने संभाली है। इस बीच, फिल्म का संगीत ए. आर. रहमान ने तैयार किया है।




# बॉक्स ऑफिस पर नहीं रुक रही छावा की आंधी

### 400 करोड़ के करीब विक्की कौशल की फिल्म

वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज हुई विक्की कौशल की छावा पर दर्शक खूब प्यार लुटा रहे हैं। छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता की गाथा लोगों के दिलों में छा गई है साथ ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। दूसरे संडे से पहले ही फिल्म ने वर्ल्ड वाइड 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था और अब फिल्म ये वीकेंड खत्म होने तक 400 करोड़ का आंकड़े से कुछ कदम ही दूर है.विक्की कौशल की फिल्म ने रिलीज के 9वें दिन 87.23 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज करते हुए 44 करोड़ की कमाई की है। इसके साथ फिल्म नौ दिनों में 286.75 करोड़ का घरेलू कलेक्शन कर लिया है। वर्ल्ड वाइड कलेक्शन का आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है लेकिन 8 दिनों में छावा ने 338.75 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। 9वें दिन फिल्म 400 करोड़ (अनुमानित) के आसपास होगी। दिलचस्प बात ये है कि छावा, उरी द सर्जिकल स्ट्राइक को पछाड़कर विक्की कौशल की सबसे कमाऊ फिल्म बन गई है। उरी का लाइफटाइम कलेक्शन 245.36 करोड़ रूपये था वहीं वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 342.06 करोड़ रहा था। इस हिसाब से छावा विक्की के करियर की बिगेस्ट हिट बन गई है।छावा के साथ बॉक्स ऑफिस पर हाल ही में रिलीज हुई अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह की मेरे हसबैंड की बीवी चल रही है। ये फिल्म 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई लेकिन छावा की कमाई पर इसका कोई असर नहीं पड़ा. इसके अलावा थिएटर में साउथ फिल्म थंडेल, कैप्टन अमेरिका और सनम तेरी कसम (री रिलीज) भी चल रही है लेकिन छावा की कमाई की रफ्तार बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। छावा छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता और साहस की कहानी है जिसमें विक्की कौशल ने लीड रोल निभाया है। फिल्म में रश्मिका मंदाना ने छत्रपति महाराज की पत्नी येसूबाई भोंसले की भूमिका निभाई है वहीं अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है। इनके अलावा फिल्म में दिव्या दत्ता, आशुतोष राणा, विनीत कुमार सिंह, डायना पेंटी ने अहम रोल प्ले किया है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### रिश्वत लेते 3 सरकारी अधिकारी गिरफ्तार

**रायपुर, 24 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो ने 2 रिश्वतखोर लोकसेवकों समेत तीन लोगों पर पर बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने मुंगेली जिला के थाने में



पदस्थ सहायक उप निरीक्षक और उसके सहयोगी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एएसआई के द्वारा केस में बड़ी धारा जुड़ने से बचाने के एवज में 15 हजार की मांग की गई थी। वहीं, दूसरी बड़ी कार्रवाई रायगढ़ में हुई है। एसीबी की टीम ने तहसील घरघोड़ा में पेट्रोल पंप संचालक से रिश्वत लेते नापतौल निरीक्षक को रिश्वत लेते पकड़ा है।दरअसल, शिकायतकर्ता देवेंद्र बर्मन ग्राम सूरजपुरा मुंगेली निवासी ने एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में शिकायत की कि उसके खिलाफ थाना लालपुर मुंगेली में अपराध दर्ज है। मामले में बड़ी धारा जुड़ने से बचाने के लिए थाने के सहायक उप निरीक्षक राजाराम साहू द्वारा 15,000 रिश्वत की मांग की जा रही है।

### 26 करोड़ का टेंडर दे दिया फर्जी कागजात पर




**रायपुर, 24 फरवरी 2025 (ए)।** फर्जी दस्तावेजों से जल जीवन मिशन में 26 करोड़ रुपए का ठेका लेने और वर्क ऑर्डर जारी करने का मामला सामने आया है। मामले में महाराष्ट्र की कंपनी के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। कंपनी ने जल जीवन मिशन का ठेका लेने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा कराए थे. अब महाराष्ट्र में छापेमारी की तैयारी है। उन अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी है, जिन्होंने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ठेका और वर्क ऑर्डर दिया।

### रायपुर की सड़कों पर नशे में दौड़ा रहे थे गाड़ी,23 लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस हुआ निलंबित




**रायपुर, 24 फरवरी 2025 (ए)।** अटल नगर नवा रायपुर में कल रात अचानक ही ट्रैफिक पुलिस ने जांच अभियान चलाया। यातायात पुलिस व थाना तेलीबांधा, मंदिर हसौद और राखी स्टॉफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 23 शराबी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की और वाहनों को जब्त किया।

### एनआईए ने बीजेपी कार्यकर्ता की हत्या मामले में लिया एक्शन




**रायपुर,24 फरवरी 2025 (ए)।**मोहला-मानपुर जिले के सुदूर गांव में सोमवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आधा दर्जन गांव में छापेमारी की। विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा कार्यकर्ता बिरजू तारम की नक्सल हत्या के मामले की छानबीन के लिए टीम ने दबिश दी है। छह अलग-अलग टीम ने मानपुर, सरखेड़ा और बसेली के अलावा कुछ गांव में नक्सली समर्थकों और उनके शुभचिंतकों के घरों को खंगाला है। बताया जा रहा है कि मानपुर में एनआईए की टीम ने बृजेश सिंह नामक एक सरकारी शिक्षक के घर में भी धावा बोला।

### पत्रकार के खिलाफ पुलिसिया तानाशाही

#### आईपीएस अमन झा की शर्मनाक हरकत

**रायपुर,24 फरवरी 2025 (ए)।** राजधानी रायपुर में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़ा करने वाली घटना सामने आई है। वरिष्ठ पत्रकार शांतनु राय के साथ आजाद चौक नगर पुलिस अधीक्षक आईपीएस अमन झा ने न केवल दुर्व्यवहार किया, बल्कि अभद्र एवं अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें पूरी रात थाने में बैठने पर मजबूर कर दिया ।



## विधानसभा बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल रमेन डेका का अभिभाषण

# ट्रिपल इंजन की सरकार राज्य में तेज गति से विकास कार्य करेगी:राज्यपाल रमेन डेका

**रायपुर,24 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र का आज पहला दिन है, जहां राज्यपाल रमेन डेका ने अभिभाषण की शुरुआत की। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने पिछले 25 वर्षों में विकास के नए मील के पत्थर स्थापित किए हैं। इससे पहले कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित हुई।



### ट्रिपल इंजन सरकार से तेजी से होगा विकास

राज्यपाल डेका ने कहा कि सरकार ने अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर जनता के समक्ष अपनी उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया है। नगरीय निकायों में नई निर्वाचित संस्थाओं का गठन हो चुका है, और ट्रिपल इंजन सरकार राज्य में तेज गति से विकास कार्य करेगी।

### बस्तर में नक्सलवाद का अंत निकट- राज्यपाल

अपने संबोधन में राज्यपाल ने लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर जोर दिया और कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान खुशहाल हैं, वहीं प्रदेश के जनजातीय संग्राहकों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बस्तर मे नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है।

### सरकार पूरा करेगी अटल जी के संकल्प :सीएम विष्णुदेव साय

कार्यमंत्रणा समिति की बैठक के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछला बजट समावेशी था, जिससे मोदी गारंटी को साकार किया गया। इस वर्ष का बजट भी कल्याणकारी और समावेशी होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के सभी संकल्पों को पूरा करने की दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम करेगी। साथ ही, उन्होंने घोषणा की कि अगला विधानसभा सत्र नए भवन में आयोजित किया जाएगा।

### सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने का काम किया, खेतिहर मजदूरों के साथ न्याय,अभिभाषण राज्यपाल रमेन डेका ने की विष्णुदेव साय सरकार के कामकाज की तारीफ

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल रमेन डेका के अभिभाषण के साथ हुई। अभिभाषण में राज्यपाल ने विष्णुदेव साय सरकार के काम-काज की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने का काम किया है, खेतिहर मजदूरों के साथ न्याय हुआ है, किसानों के जीवन में खुशहाली आई है। सरकार ने डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया है।

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य और विधानसभा की रजत जयंती वर्ष है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद खात्मे की ओर है। किसानों को फसल का उचित दाम दिया जा रहा है और राज्य में खेती को बढ़ावा मिल रहा है। जैविक खेती, जलवायु परिवर्तन पर काम हो रहा है। प्रदेश में 69 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। राज्यपाल ने कहा, महतारी वंदन योजना से महिलाओं में समृद्धि आई है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू किए जाने की सराहना

राज्यपाल रमेन डेका ने अपने अभिभाषण में प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू किए जाने की सराहना की है। विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सदन को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि नई पीढ़ी को रोजगार के नए अवसरों के लिए तैयार करने और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने मेरी सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रदेश में लागू किया है।

### 18 स्थानीय भाषाओं में बच्चों को शिक्षा

राज्यपाल ने कहा कि मेरी सरकार 18 स्थानीय भाषाओं में बच्चों को शिक्षा दे रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कक्षा पहली से कक्षा दसवी तक की हिन्दी माध्यम की पाठ्य पुस्तकों को क्यूआर कोड युक्त किताबों में परिवर्तित किया गया है। कक्षा पहली एवं दूसरी के लिए द्वि-भाषी पाठ्य पुस्तकें निकाली गई है। राज्यपाल ने कहा, प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के संचालन के लिए शैक्षणिक कैलेण्डर का निर्माण किया गया है। 5 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए संचालित 9438 बालवाड़ियों में गतिविधि पुस्तिका, अभ्यास पुस्तिका के साथ दैनिक शिक्षण योजना तैयार की गई है। खेल-खेल में बच्चों को सिखाने में 30 हजार 522 विद्यालयों में टॉय किट का वितरण किया गया है।

### प्रदेश में 341 पीएमश्री विद्यालय

राज्यपाल ने सदन को बताया कि प्रदेश में 341 पीएमश्री विद्यालय आरंभ किये गये हैं। पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षाएँ पुनः आरंभ की गई हैं। पेरेण्ट्स टीचर मीटिंग का एजेंडा मेरी सरकार ने व्यवस्थित किया है। आम नागरिकों को अपने जन्मदिन को न्योता भोज के रूप में बच्चों के साथ मनाने की परंपरा आरंभ करने से स्कूलों से सामुदायिक जुड़ाव बढ़ा है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति से उच्च शिक्षा को जोड़ा राजे यपाल ने कहा कि मेरी सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति से उच्च शिक्षा को भी जोड़ा है। इसके अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रम में कौशल विकास के साथ ही मूल्यपरक शिक्षा आदि विद्यार्थियों की रुचि और रोजगार की जरूरतों के अनुरूप 44 पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। महापुरुषों की जीवनियों को भी पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है।

## राज्यपाल का अभिभाषण कॉपी-पेस्ट : भूपेश बघेल



राज्यपाल रमेन डेका के अभिभाषण को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि अभिभाषण में नया कुछ नहीं है, वही सारी पुरानी बातें हैं. हमारी सरकार में संचालित योजनाओं का उल्लेख राज्यपाल के अभिभाषण में देखने को मिला. 18 लाख आवास देने का फैसला पहली कैबिनेट में किया था, आंकड़े बताना चाहिए. कितने लोगों को आवास की चाबी दी है बताएं. साल भर में सरकार कोई काम नहीं कर पाई, केवल पुराने आंकड़े को कॉपी-पेस्ट कर,राज्यपाल का अभिभाषण कराया. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इतने ट्रेन बंद हो चुके हैं कि लोग आंकड़े भूल गए हैं. वहीं बीजेपी की पंचायत चुनाव में अधिक सीटों में जीत के दावे पर कहा कि बीजेपी झूठ बोल रही है. जिला पंचायत में हेरा-फेरी किए हैं, बहुत गंभीर मामला है. प्रशासनिक दबाव के चलते जीते हुए को हारा घोषित कर रहे हैं.

### भूपेश बघेल के बयान पर राजेश मूणत ने किया पलटवार

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आरोपों पर भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि एक साल के अंदर सरकार ने जो प्रमुख बातें थी, उसे किया है. चाहे वह गरीब परिवार को 18 लाख आवास देने की बात हो. गरीब परिवार के अधिकारों को कांग्रेस सरकार ने छीना था. हमारी सरकार ने शपथ लेते ही 18 लाख परिवार को उनके मकान का हक दिया. वहीं प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के लिए और आवास आवंटित किया. महतारी वंदन योजना का फायदा महिलाओं को मिल रहा. उनके खाते में ?1000 जा रहा हैं. भाजपा विधायक ने कहा कि शायद यह सब कांग्रेस नेताओं को अच्छा नहीं लग रहा है, इसलिए उस सरकार के पूर्व मंत्री कहते हैं, मैं तो अनपढ़ था, पढ़ा-लिखा नहीं था, अधिकारी आते थे, साइन कराते थे, मैं कर देता था. उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को अपने पूर्व मंत्री की समीक्षा करना चाहिए. कांग्रेस का ना कोई विजन, ना कोई सोच, न कोई परिकल्पना थी. खाली एक काम था छत्तीसगढ़ के जनता को लूटने कामूणत ने कहा कि पंचायती राज की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है. सारे क्षेत्र में डेवलपमेंट के काम चालू हुए हैं. सालों से अधूरे पड़े कार्य पूरे हो रहे हैं. बस्तर क्षेत्र में खेल का इतना बड़ा आयोजन करना, राष्ट्र की मुख्य धारा से उस वर्ग को जोड़ना, जो वंचित हैं. नक्सल क्षेत्र के अंदर धीरे-धीरे शांति की ओर आगे बढ़ा है.

## राज्य सरकार ने पेश किया 19 हजार करोड़ से अधिक का तृतीय अनुपूरक बजट

### 24 साल का रिकॉर्ड टूटा...

छत्तीसगढ़ सरकार ने आज विधानसभा में 19,762 करोड़ रुपये से अधिक का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया। यह पिछले 24 वर्षों में पेश किया गया सबसे बड़ा अनुपूरक बजट है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस बजट को सदन में रखा, जिस पर चर्चा और मंगलवार को मतदान होगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट पेश करते हुए कहा कि यह बजट राज्य के विकास और जनकल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों, मजदूरों और आम जनता के हित में कई योजनाओं को धन आवंटित किया है। यह बजट पिछले 24 वर्षों में पेश किया गया सबसे बड़ा अनुपूरक बजट है। इससे पहले इतना बड़ा अनुपूरक बजट कभी नहीं पेश किया गया था। यह बजट राज्य सरकार की वित्तीय प्राथमिकताओं और विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### 3 मार्च को डबल गारंटी वाला बजट ! व्यापारियों ने सरकार को 12 बिंदुओं पर सौंपा सुझाव,वित्त मंत्री ने कही दी ये बात

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी आगामी 3 मार्च को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगे। इस बजट को तैयार करने के लिए हर वर्ग के लोगों से सुझाव मांगे गए थे, जिससे यह राज्य के सर्वांगीण विकास में सहायक हो। बजट को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स से भी सुझाव मांगे गए थे। वित्त मंत्री ने व्यापारी वर्ग की योजनाओं और विकास को प्राथमिकता देने की बात



कही। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी ने सरकार को 12 बिंदुओं पर आधारित सुझाव सौंपे हैं। अमर परवानी ने बताया की सुझाव में मुख्यतः स्थानीय बाजारों को मजबूत करने और सुविधाओं का विस्तार, नवा रायपुर में होलसेल कॉरिडोर विकसित करने की मांग, रायपुर में जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क के कार्यों में तेजी, व्यापार और उद्योगों के लिए अनुकूल नीतियों को लागू करने की सिफारिश, उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार पर जोर देने को लेकर सुझाव दिए है। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के अनुसार, उनकी प्राथमिकता राज्य के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित बजट पेश करना है। उन्होंने कहा कि जैसे राज्य की उद्योग नीतियों में व्यवसायियों के सुझावों को लागू किया गया, उसी तरह बजट में भी व्यापारी वर्ग के सुझावों को शामिल किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में मंहगी होगी शराब

### आबकारी से राजस्व बढ़ाने की तैयारी में सरकार...

**रायपुर,24 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में शराबबंदी काफी समय से एक ज्वलंत मुद्दा रहा है। जबकि शराब से एक बड़ा राजस्व सरकार को मिलता है, यह शराबबंदी के सिक्के का दूसरा पहलू है। प्रदेश में साल दर साल शराब के राजस्व को बढ़ाया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में शराब से राजस्व का लक्ष्य तय करने की तैयारी चल रही है। वहीं, 2024-25 में बजट में राजस्व प्राप्ति के स्त्रोत के रूप में आबकारी विभाग ने 11 हजार करोड़ रूपए का लक्ष्य निर्धारित किया था। हालांकि, टार्गेट पूरा नहीं हो सका। अब विभाग 2025-26 के लिए राजस्व का लक्ष्य बढ़ाकर 12 हजार 500 करोड़ रूपए करने की तैयारी है।

यह पिछले वित्तीय वर्ष के हिसाब से डेढ़ हजार करोड़ रूपए ज्यादा होगा। इसकी



घोषणा बजट में की जाएगी लेकिन इस अनुमानित टारगेट को पूरा करने के लिए आबकारी विभाग ने अभी से कई योजनाओं पर काम करना शुरू कर दिया है। जानकारों के मुताबिक कुछ शराब के रेट बढ़ाए जा सकते हैं।

सूत्रों के अनुसार शराब की कई ब्रांड ऐसी है जो हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में काफी सस्ती है। इस शराब को तस्कर छत्तीसगढ़ लाते हैं और होटल-बार वालों को सस्ते में सप्लाई कर दिया जाता है। इन्हें चोरी-छिपे होटल, बार, रेस्टॉरेंट और ढाबों में अधिक दामों पर बेचा जाता है, जिससे बड़ा मुनाफा कमाया जाता है। यह एक वजह है कि दूसरे राज्यों से शराब की तस्करी बंद नहीं हो रही है। इससे आबकारी विभाग को काफी नुकसान उठाना पड़ता है और राजस्व का लक्ष्य भी पूरा नहीं हो पाता है।

### रेस्टोरेंट-ढाबों को अनुमति

आबकारी विभाग ने बार के अलावा अब रेस्टॉरेंट और ढाबों में भी शराब पिलाने की छूट दी है। इसके लिए रेस्टॉरेंट और ढाबा संचालकों को अलग-अलग कैटेगरी का आबकारी लाइसेंस लेना पड़ेगा। प्रदेशभर में अब तक केवल रेस्टॉरेंट वालों ने लाइसेंस लिया है। विभाग के अधिकारियों का दावा है कि मार्च-अप्रैल के बाद लाइसेंस लेने वालों की संख्या बढ़ेगी। पिछले साल शराब से राजस्व लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है। इसके लिए प्रयास किए जाते हैं। बजट के संभावित नए लक्ष्य को लेकर भी तैयारी है।




### मनपसंद लड़के से नहीं हुई शादी तो छात्रा ने पी ली जहर

**कोरबा,24 फरवरी 2025 (ए)।** जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा ने जहर सेवन कर अपनी जान दे दी है। बताया जा रहा है कि लड़की एक युवक से प्रेम करती थी और शादी की बात भी चल रही थी, लेकिन परिजनों के मना करे के बाद उसने यह खौफनाक कदम उठाया। घटना की सूचना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। यह पूरा मामला करतला थाना क्षेत्र के रीवा गांव का है. यहां 17 वर्षीय सुमन कंवर, जो तुमान हाई सेकेंडरी स्कूल की छात्रा थी उसने जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली

## मार्निंगवॉक में साफ हवा नहीं धूल के गुबार मिलते है बिलासपुर की सड़कों पर

» धूल के गुबार में शहर, मॉर्निंगवाक वालों को धूल युक्त हवा में घूमने की मजबूरी

» सुबह-सुबह घूमने वाले धूल युक्त हवा से हो रहें परेशान,सफाई कर्मी सुबह 6 बजे रोड में लगाते है झाड़ू

-गोविन्द शर्मा भारत-

**बिलासपुर,24 फरवरी 2025 (ए)।** सुबह सुबह मिलने वाली ताजी हवा स्वास्थ के लिए लाभ दायक लेकिन बिलासपुर में ये हवा अब दूषित हो गई है रोज हजारों की तादात में युवा, बुजुर्ग, महिला ताजी हवा खाने मॉर्निंग वाक में निकलते है लेकिन उन्हें मिलती है सफाई कर्मीयों की झाड़ू की धूल ताजी हवा की जगह मिलती है बीमारी जी हाँ बिलासपुर शहर में इस समय आप जहाँ भी चले जाये सुबह आपको सफाई कर्मी झाड़ू लगाते दिख जायेंगे जिससे आम नागरिक को काफ़ी तकलीफ हो रही है.



### सफाई का कार्य सुबह 5 बजे के पहले खत्म हो जाना चाहिए...

हर बड़े शहरों में रात के ही पुरे शहर में सफाई का कार्य किया जाता है लेकिन एक ऐसा शहर बिलासपुर है जहाँ सुबह 6 बजे सफाई कर्मी पुरे शहर में सफाई करते नजर आ जाते है जबकि ये समय सुबह की ताजी हवा का होता जिसके लिए हजारों नागरिक मॉनिंग वाक करने निकलते है लेकिन उन्हें मिलती है तो वो धूल जहाँ आमनागरिक स्वास्थ्य लाभ लेने निकलता है वही उन्हें मिल रही बीमारी।

### प्रशासन की मानिटरिंग टीम आखिर है कहा...

बिलासपुर नगर निगम ने सफाई का ठेका प्रायवेट कम्पनी को दिया हुआ है जिसका मानिटरिंग नगर निगम के हर जोन के अधिकारी करते है लेकिन ये किस तरह की मानिटरिंग कर रहें है समझ से परे है जहाँ शहर के लोगो को सुबह ताजी हवा मिलनी चाहिए लेकिन उन्हें मिल रहें धूल के गुबार यदि ऐसा ही कार्य होता रहा तो वो दिन दूर नहीं बिलासपुर में सुबह घूमने वाले बीमारी लेकर घर जायेंगे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)